रोहतक, सोमवार 5 अक्टूबर 2026 ■ अश्विन मास कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष : 30, अंक : 242 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 37.9, न्यून. 19.7 haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## खेलों में हमारा दबदबा

- 35 स्वर्ण, 9 रजत व 7 कांस्य में हमारी भागेदारी
- एक ही स्पर्धा में 2 से 3 पदक भी कब्जाए
- हॉकी में 10 खिलाड़ी हमारे, कबड्डी में 14
- कुश्ती में 6 पदक हरियाणा के नाम रहे
- शूटिंग में 9 पदक जीते, चार बेटियों ने कब्जाए



## अलविदा नागोया

### अब 2030 में दोहा में मिलेंगे

**04**
गोल्ड ज्यादा जीते, हॉकी का ओलंपिक टिकट



# छोरों से आगे म्हारी छोरियां

## एशियन गेम्स में लड़कियों के 11, लड़कों के 7 गोल्ड

### बॉक्सिंग, रेसलिंग में बेहतर प्रदर्शन, शूटिंग-एथलेटिक्स में पिछड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियन गेम्स 2026 में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। जापान के आइची-नागोया में हुए खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने 21 गोल्ड सहित कुल 85 मेडल जीते। यह एशियन गेम्स में भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। भारत ने इस बार लड़कियों के इवेंट में 11 तो लड़कों के इवेंट में 7 गोल्ड जीते। 3 गोल्ड मिक्स्ड इवेंट में आए। इससे पहले 2002 में बुसान में हुए एशियन गेम्स में भारत की लड़कियां आगे रही थीं। तब भारत ने लड़कियों के इवेंट में 6 और लड़कों के इवेंट में 5 गोल्ड जीते थे। भारत ने 2023 में चीन के ग्वांगझू में हुए खेलों में 28 गोल्ड के साथ 106 मेडल जीते थे। तब भारत ने शूटिंग में 7 और एथलेटिक्स में 6 गोल्ड जीते थे। इस बार शूटिंग में 3 और एथलेटिक्स में 1 ही गोल्ड आया। यानी इन दो खेलों में ही भारत को 9 गोल्ड का नुकसान हो गया। भारत ने पिछली बार स्कॉश में 2 और टेनिस, बैडमिंटन और घुड़सवारी में 1-1 गोल्ड जीता था। इन खेलों में इस बार भारत को कोई गोल्ड नहीं मिला। बॉक्सिंग और रेसिलिंग में अच्छे प्रदर्शन ने कुछ हद तक गोल्ड में कमी की भरपाई की है। पिछली बार भारत को इन दोनों खेलों में एक भी गोल्ड नहीं मिला था। इस बार बॉक्सिंग में 3 और रेसलिंग में 2 गोल्ड आए हैं। आर्चरी में भारत ने पिछले प्रदर्शन को दोहराया है।

## हरियाणा का डंका : 48 खिलाड़ियों के खाते में 51 पदक, हॉकी-कबड्डी में भी बड़ा योगदान

### संयुक्त तौर पर 26 पदक जीते

खेलों की दुनिया में हरियाणा की धाक एक बार फिर देखने को मिली। एशियन गेम्स में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का डंका बजाया है। कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, हॉकी, शूटिंग, तीरंदाजी और अन्य खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने भारतीय पदक अभियान में अहम योगदान दिया। खास बात यह रही कि प्रदेश की बेटियों ने भी कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। हरियाणा के खिलाड़ियों ने सयुंक्त तौर पर 26 पदक जीते हैं लेकिन खिलाड़ी-वार गिनने पर प्रदेश के 48 खिलाड़ियों के नाम 51 पदक दर्ज होते हैं। इनमें 35 स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं।

**कबड्डी: 14 खिलाड़ी (स्वर्ण):** सुनील, आशु, जयदीप, अंकित, राहुल, देवांक, अयान और सुमित, रितु, राजरानी, रितु श्योराण, मनीषा, निकिता व पूजा काजला।
**हॉकी-10 स्वर्ण:** सविता पूनिया, दीपिका सहरावत, ज्योति, शिल्पी डबास, नेहा गोयल, साक्षी राणा, अभिषेक नैन, सुमित कुमार, संजय राणा और यशदीप सिवाच।
**शूटिंग-9 पदक :** नीरू ढांडा-2 स्वर्ण, 1 रजत; हिमांशु ढिल्लों-2 रजत; कमलजीत-1 स्वर्ण, सुरुचि सिंह-1 स्वर्ण; मनीषा कीर-1 रजत; आशिमा अहलावत-1 रजत।
**कुश्ती-6 पदक:** सुजीत कलकल-स्वर्ण, अमन सहरावत-स्वर्ण, अंतिम पंघाल-रजत, नितेश सिवाच-रजत, सुनील कुमार-कांस्य, दीपक पूनिया-कांस्य।
**मुक्केबाजी-4 पदक:** परवीन हुड्डा-स्वर्ण, अंकुश पंघाल-स्वर्ण, नरेंद्र बरवाल-कांस्य, प्रिया घनघस-कांस्य।
**एथलेटिक्स-4 पदक:** किरण पहल-स्वर्ण, यशवीर सिंह-रजत, पूजा सिंह-कांस्य, मनप्रीत कौर-कांस्य।
**तीरंदाजी-1 स्वर्ण:** कीर्ति शर्मा।
**गोल्फ-1 रजत:** दीक्षा डागर।
**एमएसए-1 कांस्य :** सुचिका तरियाल।
**क्रिकेट-1 स्वर्ण:** शेफाली वर्मा।


सुरुचि सिंह


किरण पहल


परवीन हुड्डा


शेफाली वर्मा


नीरू ढांडा


कीर्ति शर्मा


अंकुश पंघाल


सुजीत कलकल


अमन सहरावत


देवांक ढलाल

## क्लोजिंग सेरेमनी में नीरू ढांडा ने तिरंगा थामा

एशियन गेम्स की रविवार को जापान के नागोया सिटी स्थित मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में क्लोजिंग सेरेमनी हुई। इसमें भारतीय निशानेबाज नीरू ढांडा ने तिरंगा थामा। एशियन गेम्स 2026 का आखिरी गोल्ड मेडल सऊदी अरब के घुड़सवार हमद अलदुहामी ने जीता। वे घुड़सवारी के शो जम्पिंग इवेंट में चैंपियन बने। उन्हीं के देश के अब्दुलरहमान बदर एम अलराजही को सिल्वर और कतर के मोहम्मद बासेम को ब्रॉन्ज मिला। अगला एशियन गेम्स 2030 में कतर की राजधानी दोहा में खेला जाएगा।

## 53 वर्ल्ड रिकॉर्ड और 76 एशियन रिकॉर्ड टूटे

**2002** के बाद पहली बार भारत की लड़कियों को ज्यादा मेडल

2002 में बुसान गेम्स में लड़कियों ने 6 और लड़कों ने 3 गोल्ड जीते थे

टीम इवेंट्स में धाक, तीन स्वर्ण पदक मिक्स्ड इवेंट में कब्जाए

**44** साल से चीन की बादशाहत को कोई चैलेंज नहीं

### पहली बार हॉकी की दोनों टीमों को गोल्ड

टीम इवेंट्स में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। क्रिकेट, हॉकी और कबड्डी में भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों के गोल्ड मेडल जीते हैं। हॉकी में एशियाड गोल्ड जीतने पर सीधे ओलंपिक का टिकट मिलता है, लिहाजा भारत की दोनों हॉकी टीम लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर गई है। यह पहला मौका है जब भारत की दोनों वर्गों की हॉकी टीमों ने एक ही इवेंट में गोल्ड जीता है।

### भारतीय तीरंदाजी टीम ने वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की

इस एशियन गेम्स में अलग-अलग इवेंट्स में कुल 53 वर्ल्ड रिकॉर्ड और 76 एशियन रिकॉर्ड टूटे हैं। साथ ही 166 नए गेम्स रिकॉर्ड भी बने। भारतीय विमेंस कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में चीन के खिलाफ 238 पॉइंट्स बनाए। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी है।

## खबर संक्षेप

### केरलम सरकार का ज्ञानेश के खिलाफ जांच का आदेश

**नई दिल्ली।** केरलम के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। मामला मलेशियाई सिविल इंजीनियर ली सी बीन की आत्महत्या से जुड़ा है। वह केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत एमसी रोड के अपग्रेडेशन का काम कर रहे पेटी-बेल कंसोर्टियम से जुड़े थे। ली सी बीन ने आरोप लगाया था कि सड़क के काम का भुगतान जारी करने के बदले तत्कालीन पीडब्ल्यूडी सचिव ज्ञानेश कुमार ने रिश्वत मांगी थी।

### राज्यसभा : भाजपा ने कोयल और दिनेश आर्य को दिया टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने रविवार को राज्यसभा चुनाव 2026 के लिए अपने दो उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने उत्तराखंड से दिनेश आर्य और पश्चिम बंगाल से रुक्मिणी मल्लिक (कोयल मल्लिक) को टिकट दिया है। कोयल पहले टीएमसी में थीं। राज्यसभा की 12 सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें उत्तर प्रदेश की 10, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट शामिल हैं। 16 अक्टूबर को वोटिंग और काउंटिंग कराई जाएगी। *एजेंसी*

### एक करोड़ की स्मैक लेकर घूम रहा तस्कर गिरफ्तार



**सहारनपुर।** मिर्जापुर थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गांव आलमपुर में चेकिंग के दौरान 492 ग्राम स्मैक के साथ शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग एक करोड़ है। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर ,नशे की तस्करी के मुकदमे दर्ज है।

**खुफिया जानकारी लीक करने के आरोप**

## पाक एजेंट के हनीट्रैप में फंसा नेवी जवान

**कोयंबटूर।** आंध्र प्रदेश पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) सेल ने इंडियन नेवी के जवान प्रदीप मुखर्जी को कोयंबटूर से गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तानी महिला खुफिया एजेंट को सेना की संवेदनशील जानकारी देने का आरोप है। एजेंट ने जवान को हनीट्रैप में फंसाया था। प्रदीप कोयंबटूर के रेड फील्ड्स स्थित इंडियन नेवल शिप (आईएनएस) अग्रणी में मैनेजमेंट डेवलपमेंट कोर्स कर रहे थे। कुछ महीने पहले महिला एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए प्रदीप से संपर्क किया था। उसने धीरे-धीरे उनसे दोस्ती बढ़ाई और विशाखापट्टनम नेवल बेस से जुड़ी जानकारी ली। काउंटर इंटेलिजेंस की स्पेशल टीम शनिवार सुबह आईएनएस अग्रणी पहुंची और प्रदीप को हिरासत में ले लिया। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को भी उनकी गिरफ्तारी की जानकारी दी गई। इसके बाद जांचकर्ताओं ने प्रदीप को स्थानीय मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया और ट्रांजिट वारंट हासिल किया। शाम को उसे आगे की पूछताछ के लिए विजयवाड़ा स्थित काउंटर इंटेलिजेंस मुख्यालय ले जाया गया।

**प्रदीप मुखर्जी कोयंबटूर से गिरफ्तार, 2026 का तीसरा मामला**

## रोहतक में चाचा ने भतीजे की चाकू मारकर की हत्या

**रोहतक।** चाचा ने 27 वर्षीय भतीजे पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। चाचा ने चाकू से कई वार किए और पेट चीर दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कबीर कॉलोनी निवासी कालू के रूप में हुई। परिवार के मुताबिक, भतीजे ने चाचा अजीज के किराना दुकान से करीब 2 साल पहले सामान उधार लिया था और इसी के पैसे को लेकर दोनों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। रविवार को चाचा ने अपने 4 साथियों के साथ मिलकर कालू पर चाकू से हमला बोल दिया। पुलिस ने चाचा और 4 साथियों पर केस दर्ज कर लिया है।

- उधार लिए परचून के सामान को लेकर चल रहा था दोनों में विवाद

### एवरेस्ट जीरा पाउडर सैंपल टेस्ट में 'अनसेफ'

**नई दिल्ली।** फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्री-पैक्ड जीरा पाउडर के एक बैच को बाजार से वापस मंगवाने का आदेश जारी किया है। कंज्यूमर हेल्थ से जुड़े उल्लंघन के एक अन्य मामले में कार्रवाई करते हुए एफएसएसएआई ने मेसर्स क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। एवरेस्ट के खिलाफ यह कदम लैब जांच में तय सीमा से ज्यादा पेस्टिसाइड यानी कीटनाशक अवशेष मिलने के बाद उठाया गया है, जबकि बेकरी पर साफ-सफाई, स्वच्छता और फूड सेफ्टी में कई गंभीर खामियां मिलने पर यह कार्रवाई हुई है।

**भारतीय पायलट माच्छर ने सुनाई आपबीती**

## हमलावर ने नमाज के बहाने मारी कुल्हाड़ी

### नेतन्याहू ने भारतीय पायलट से फोन पर बातचीत की

### 30 सितंबर को हुए हमले में घायल हुए थे कैप्टन स्मित

**नई दिल्ली।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्लाईदुबई एयरलाइन के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित माच्छर से करीब 6 मिनट फोन पर बात की। उन्होंने कहा- आप भारत और इजराइल के लोगों के सच्चे हीरो हैं। आप पूरी दुनिया के हीरो हैं। नेतन्याहू ने स्मित को इजराइल आने का न्योता भी दिया। उन्होंने कहा- मैं आपको और अपने दोस्त पीएम मोदी को अगले स्वतंत्रता दिवस पर जश्न की मशाल जलाने का न्योता देना चाहता हूं। नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित से पूछा कि फ्लाइट में आखिर हुआ क्या था। स्मित ने बताया कि हमले से पहले को-पायलट ने नमाज करने की बात कही। इसके कुछ मिनट बाद उसने अचानक उन पर हमला कर दिया।



### हमले के बाद कॉकपिट का दरवाजा खोला

घटना 30 सितंबर की है। दुबई से इजराइल के तेल अवीव जा रही फ्लाइट में ओमानी को-पायलट ने कैप्टन स्मित पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। इसके बाद विमान करीब 2 मिनट में 17 हजार फीट नीचे आ गया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कैप्टन स्मित ने हमलावर का मुकाबला किया और कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। इसके बाद फ्लाइट क्रू और यात्रियों ने कॉकपिट में पहुंचकर आरोपी को काबू किया और विमान पर दोबारा नियंत्रण हासिल किया। विमान की सऊदी अरब के तबुक में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसमें सवार सभी 174 लोग सुरक्षित बाहर निकल गए।

## सूबेदार मेजर का पार्थिव शरीर लेकर जा रही एंबुलेंस ट्रक से टकराई, चार लोगों की मौत

**सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह सूबेदार मेजर सत्यवान सिंह (50) का पार्थिव शरीर लेकर जा रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में हलियापुर के जरईकला (माइल स्टोन 79.6) के पास हुए हादसे में जवान के भाई, बेटे, रिश्तेदार और एंबुलेंस चालक की मौत हो गई। देवरिया जिले के रुद्रपुर क्षेत्र के गैला, दुधिला निवासी सेना के जवान सूबेदार सत्यवान सिंह मेरठ में तैनात थे। चंडीगढ़ स्थित कमांड अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद तीन दिन पहले पंचकुला (चंडीगढ़) में मौत हो गई थी। शनिवार शाम 4:00 बजे परिजन उनका पार्थिव शरीर लेकर दो वाहनों से गांव के लिए रवाना हुए थे। एंबुलेंस शव लेकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जा रही थी, जबकि कार में सत्यवान की पत्नी सरोजिनी सिंह और बेटी दीक्षा सहित अन्य परिजन लखनऊ से अयोध्या मार्ग की ओर निकले थे।

**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा**

## पानीपत में आवारा कुत्ते ने बच्ची को नोचा, पैर की हड्डी निकाली

**पानीपत।** शिमला गुजरान गांव में अपनी दादी के साथ खेत से घर लौट रही 4 वर्षीय बच्ची पर गांव में घूम रहे एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची को पीछे से पकड़कर पैर में इस कदर काटा कि उसके पैर की हड्डी तक नजर आने लगी। दादी ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। गंभीर रूप से घायल मासूम को तुरंत पानीपत के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। अस्पताल में



बच्ची का इलाज करा रही दादी सुदेश ने बताया कि वह दोपहर करीब 12 बजे अपनी 4 साल की पोती मिस्टी के साथ खेत से उपले (गोबर के कंडे) लेकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान कुत्ते ने पीछे से हमला बोल दिया।

## बिना कोर्ट ऑर्डर गिरफ्तार नहीं कर पाएंगे जीएसटी अधिकारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद कर अधिकारियों से गिरफ्तारी का अधिकार वापस लेने और किसी भी गिरफ्तारी के लिए अदालत की मंजूरी अनिवार्य करने के प्रस्ताव पर इस सप्ताह विचार कर सकती है। प्रस्ताव से परिचित लोगों ने यह जानकारी दी। जीएसटी पर निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था जीएसटी परिषद सात अक्टूबर की बैठक में अभियोजन से जुड़े सुधारों के पैकेज पर भी विचार कर सकती है। इसमें अपराधों के लिए आपराधिक कार्रवाई शुरू करने की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करना शामिल है। प्रस्तावों से परिचित लोगों ने कहा कि अभियोजन के प्रावधानों का दायरा भी सीमित किया जा सकता है, ताकि वस्तुओं या सेवाओं के वर्गीकरण, मूल्यांकन या इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से जुड़े सामान्य विवादों पर आपराधिक कार्रवाई न हो। अब नियोक्ता अपने कर्मचारियों को बीमा आवरण देने के लिए जो प्रीमियम चुकाते हैं, जल्द ही वे उस पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकते हैं। बैठक में इस पर भी मुहर लग सकती है।

**जीएसटी काउंसिल की बैठक 7 को, बड़े सुधार की तैयारी**
आपराधिक कार्रवाई शुरू करने की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ करना भी शामिल

**म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में जयशंकर का अमेरिका पर निशाना**

## जब दुनिया पाक के पीछे खड़ी थी, तब भारत के साथ था रूस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि जब पूरी दुनिया पाकिस्तान के साथ खड़ी थी, तब रूस ने भारत का साथ दिया। दिल्ली में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने कहा कि भारत-रूस के रिश्ते लंबे समय से अच्छे रहे हैं। नई दिल्ली के लिए मॉस्को के साथ रिश्ते सिर्फ आज की स्थिति से तय नहीं होते। एक हफ्ते में जयशंकर ने दूसरी बार अमेरिका पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि रूस ने बीते 70 साल में कश्मीर समेत 4 अहम मसलों पर भारत का समर्थन किया है।

### जानें...रूस ने कब-कब दिया भारत का साथ

**1957 कश्मीर मुद्दा**
रूस (तब सोवियत संघ) ने यूएन में भारत के पक्ष में वीटो किया था।

**1965 भारत-पाक युद्ध**
रूस ने भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत कराई थी। इसके बाद 1966 में ताशकंद समझौता हुआ था।

**1971 बांग्लादेश युद्ध**
भारत और रूस मैत्री संधि के बाद रूस ने यूएन में भारत का समर्थन किया था।

**1999 कारगिल युद्ध**
रूस ने भारत का समर्थन किया और पाकिस्तान से एलओसी का सम्मान करने को कहा।

### अमेरिका ने जानबूझकर खुद को अकेली 'शक्ति' बनाया

#### भारत ने रूस-यूक्रेन जंग रोकने पर बातचीत की

जयशंकर ने यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत का पुराना रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत, कूटनीति और समझौते का रास्ता अपनाना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार यही बात कह चुके हैं। उन्होंने 2022 में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि आज का दौर युद्ध का नहीं है। जयशंकर ने कहा कि भारत ने रूस और यूक्रेन दोनों से बातचीत की है। इनमें ब्लैक सी में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही, अनाज और ऊर्जा के निर्यात और अहम बुनियादी ढांचे पर हमले रोकने जैसे मुद्दे शामिल रहे।



#### एक हफ्ते में जयशंकर ने दूसरी बार अमेरिका पर तंज कसा

- जयशंकर ने रविवार को कहा कि आज की दुनिया में दो बड़े बदलाव दिख रहे हैं। अमेरिका अपनी नीतियों के कारण दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। वहीं चीन का बढ़ता असर देशों के बीच मुकाबला बढ़ा रहा है।
- 29 सितंबर को न्यूयॉर्क के एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में जयशंकर ने कहा था- भारत की चिंताओं में एक पाकिस्तान से आने वाला आतंकवाद है। अगर अमेरिका इस चिंता को नहीं समझता, तो इसका असर भारत-अमेरिका रिश्तों पर पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा विभाग के रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट के घर चोरी

**पंचकूला।** शहर में रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट के बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और 15 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर जाते-जाते घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ उखाड़ कर ले गए। घटना का खुलासा शनिवार को उस समय हुआ जब पीड़ित दंपती अपनी बेटी के घर से वापस लौटे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंचकूला के पिंजौर में मॉडल टाउन निवासी सुरिंद्र पाल मेहरा ने बताया कि वह चंडीगढ़ शिक्षा विभाग से रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट हैं। वे अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। 20 सितंबर को शाम करीब 6 बजे वे अपने मकान को ताला लगाकर बिटना रोड स्थित अपनी बेटी के घर गए हुए थे।

### तबादला नीति में कैप किए पदों को खुलवाने की मांग

**चंडीगढ़।** बहु उद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने प्रदेश भर में तबादला नीति में कैप किए गए पदों को खुलवाने के लिए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सभी स्वीकृत पदों को पोर्टल पर दर्शाने की अपील की। एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी महासचिव सहदेव आर्य सांगवान, एवं प्रवक्ता संदीप कुंडू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश भर में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने पक्ष एवं विपक्ष के विधायकों को ज्ञापन सौंपते हुए कैप किए पदों को खोलने की अपील की।

### जजपा हरी चुनरी चौपाल फिर शुरू करेगी

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया है। जेजेपी द्वारा नए साल 2027 की शुरुआत जनवरी माह से महिलाओं के प्रसिद्ध कार्यक्रम हरी चुनरी चौपाल को दोबारा शुरू किया जाएगा ताकि महिलाएं अपने हकों की आवाज को एकजुट होकर बुलंद कर सके। वहीं 9 दिसंबर को जेजेपी स्थापना दिवस से पहले सभी जिलों में पदाधिकारियों की बैठकें भी की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से चालक घायल, अस्पताल में भर्ती

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सब्जी मंडी के पास ट्रक की टक्कर से एक वाहन चालक घायल हो गया। घायल की शिकायत पर थाना एचएसआईआईडीसी बरही पुलिस ने दूसरे ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विकास निवासी गन्नौर ने बताया कि वह करीब एक माह से गाड़ी पर चालक की नौकरी कर रहा है। 28-29 सितंबर की रात करीब तीन बजे वह गाड़ी लेकर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की ओर जा रहा था। जब वह गन्नौर सब्जी मंडी के नजदीक ट्यूबवेल के सामने गन्नौर से मुरथल रोड पर पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने के कारण विकास की गाड़ी आगे चल रहे ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसे में उसके पैर और सिर में चोटें आईं।

### मुख्यमंत्री ने सनटेक सिटी का दौरा कर समझी आधुनिक तकनीक और मैनेजमेंट व्यवस्था

# सिंगापुर की तर्ज पर गुरुग्राम में बनेगा वर्ल्ड क्लास कन्वेंशन सेंटर : नायब

25 एकड़ में बनने वाले सेंटर में विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित होंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने सिंगापुर दौरे के दौरान गुरुग्राम में 25 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किए जाने वाले प्रस्तावित विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर से संबंधित व्यवस्थाओं और सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सिंगापुर स्थित प्रसिद्ध सनटेक सिटी में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने वहां संचालित कन्वेंशन सेंटर की सुविधाओं, निर्माण की तकनीक, आधुनिक इंजीनियरिंग तथा संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सिंगापुर की सनटेक सिटी की तर्ज पर गुरुग्राम में लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर विकसित किया जाएगा। सिंगापुर की सनटेक सिटी में विकसित कन्वेंशन सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण इस परियोजना के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं को समझने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। गुरुग्राम में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर को अत्याधुनिक तकनीक और आधुनिक इंजीनियरिंग से लैस किया जाएगा, ताकि यहां बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, व्यापारिक बैठकें, प्रदर्शनियां और वैश्विक स्तर के अन्य आयोजन आयोजित किए जा सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से गुरुग्राम की अंतरराष्ट्रीय पहचान और मजबूत होगी तथा राज्य में निवेश और व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका सकारात्मक प्रभाव हरियाणा की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।दौरे के दौरान हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशकयश गर्ग, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया तथा एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक भी मौजूद रहे।

### मानेसर में विकसित होगा बड़ा और सुंदर पार्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार मानेसर में अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के साथ-साथ एक बड़े और सुंदर पार्क का भी निर्माण करेगी। इससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी और लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाओं के साथ हरित एवं खुला वातावरण उपलब्ध होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के 'गार्डन्स बाय द बे' में पर्यावरण संरक्षण, विभिन्न पौधों की प्रजातियों के संरक्षण तथा जल प्रबंधन की उन्नत तकनीकों से संबंधित व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने गार्डन में मौजूद पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाओं, विशेषकर जल आपूर्ति और संरक्षण संबंधी उपायों को करीब से देखा और उनकी जानकारी ली। 'गार्डन्स बाय द बे' में मौजूद भारतीय व विदेशी पर्यटकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनके साथ फोटो खिंचवाई। कई परिवारों ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी ली। मुख्यमंत्री ने विदेशी पर्यटकों से भी सहज और आत्मीय भाव से मुलाकात की तथा उनसे बातचीत की।

## सीएम ने उद्योगपतियों को दिया निवेश का न्योता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को अपने सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन द्वारा निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा सिंगापुर में भारत के राजदूत डॉ. शिल्पक अंबुले भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिंगापुर के विशिष्ट उद्योगपतियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस उच्चस्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत और सिंगापुर के बीच पारस्परिक सहयोग एवं समन्वय को और अधिक मजबूत बनाना तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में हरियाणा की निवेश अनुकूल नीतियों, औद्योगिक क्षमता, अवसंरचनात्मक विकास तथा निवेशकों को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सिंगापुर के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे हरियाणा में निवेश के उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपने राज्य में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। इस मौके पर दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

■ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी सीएम सैनी के साथ रहे मौजूद

## रक्षामंत्री राजनाथ से मिले अनिल विज



**चंडीगढ़।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने रविवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। विज ने रक्षामंत्री के सामने अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल के विस्तार के लिए उसके साथ लगती सैन्य भूमि हरियाणा सरकार को देने की मांग। रक्षामंत्री ने इसपर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय में पंजीकरण अनिवार्य

■ हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग ने दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्रदेश के उन सभी सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों को राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एनडीएलआई) में संस्थागत पंजीकरण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं, जिन्होंने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है। उच्चतर शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों के प्राचार्यों को भेजे पत्र में कहा गया है कि संस्थानों को इससे पहले भी राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की संस्थागत सदस्यता लेने और पंजीकरण पूरा होने की जानकारी विभाग को देने के लिए कहा गया था।

विभाग अनुसार, समीक्षा में सामने आया कि कुछ कॉलेजों ने संस्थागत सदस्यता के लिए पंजीकरण करा लिया है, जबकि कई कॉलेजों ने अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं की है। ऐसे कॉलेजों को जल्द से जल्द पंजीकरण पूरा कर इसकी सूचना विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जिन कॉलेजों का पंजीकरण पहले ही हो चुका है, उन्हें भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सदस्यता से संबंधित आवश्यक जानकारी विभाग को उपलब्ध करा दी गई हो। विभाग ने इससे पहले 21 जनवरीको भी पत्र जारी कर सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों को राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की संस्थागत सदस्यता लेने के निर्देश दिए थे।

## 8 को जिलों में होगा 'वोट बचाओ देश बचाओ' रोष मार्च : राव नरेंद्र



**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के तहत 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 8 अक्टूबर को हरियाणा के सभी जिलों में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ रोष मार्च आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि 30 सितंबर, को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक में चुनावी प्रक्रिया एवं मतदाता सूचियों से संबंधित गंभीर मुद्दों, मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा की गई मतदाता सूचियों में की गई धांधली तथा वोट चोरी तथा इस संबंध में आगे की संयुक्त कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि इन मुद्दों को लेकर व्यापक जनजागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान के तहत 02 से 8 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में हरियाणा के सभी जिलों में 'वोट बचाओ–देश बचाओ' मार्च निकाले जाएंगे।

## हाईकोर्ट में 1270 क्लर्क की भर्ती, सात से आवेदन

**चंडीगढ़।** नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से क्लर्क के 1270 रिक्त पदों को भरने के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का एलान किया है। अधिसूचना के मुताबिक इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 7 अक्टूबर सायं 4 से स्टार्ट हो जाएगी जो निर्धारित अंतिम तिथि 4 नवंबर तक जारी रहेगी। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन सकेंगे। क्लर्क पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार ने मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से बीए/बीएससी या इसके समकक्ष उत्तीर्ण किया हो। दसवीं लेवल पर पंजाबी सब्जेक्ट पढ़ा हो। कंप्यूटर प्रोफिशिएंसी होनी चाहिए। 1 जनवरी 2026 को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 37 साल से ज्यादा न हो। आरक्षित वर्ग को ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी गई है।

## नशे के खिलाफ संदेश देने वाले बच्चे सम्मानित

■ मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने बच्चों को सराहा

**पंचकूला।** ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम सेक्टर-3 में चल रही नमो क्रिकेट लीग के ग्रैंड फिनाले के अंतिम दिन नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने सम्मानित किया। बच्चों ने स्लोगन, पेंटिंग, कार्टून और विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया। तरुण भंडारी ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। तरुण भंडारी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर नशे के खिलाफ अभियान को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के संकल्प में सहयोग देने का आह्वान किया। नमो क्रिकेट लीग के मीडिया कोऑर्डिनेटर संजीव सूद ने बताया कि रविवार को ग्रैंड फिनाले देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने नशे के खिलाफ संदेश देतीं पेंटिंग, कार्टून और अन्य कलाकृतियां तैयार कर कार्यक्रम में प्रदर्शित कीं। इस अवसर पर संजीव सूद, मुकेश सिंगला, विनय धीर, कपिल गौड़, राकेश गर्ग बिट्टू, दीपक गर्ग, अनुराधा पुरी, मनीषा जांगड़ा, नरेश सांवरिया, मनवीर गिल, बाबी सिंह, संदीप कपूर सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

■ नमो क्रिकेट लीग के ग्रैंड फिनाले में बच्चों ने चलाया ड्रग के खिलाफ अभियान



## फोन हैक कर 58 हजार की ठगी, खाता उपलब्ध करवाने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों पर लगतार कार्रवाई की जा रही है, जिस पर फोन हैक कर व्यक्ति से 58 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुये साइबर थाना एनआईटी की टीम ने अमन वासी गुरुग्राम को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुरैशीपुर फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि 24 अगस्त 2026 को अचानक उसका मोबाइल फोनन हैक हो गया, जिसके बाद उसके बैंक खाते से 58,000 रुपये निकल गए। जिस संबंध में सिबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला



दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अमन ने खाताधारक विकास का खाता आगे ठगों को उपलब्ध करवाया था। जिसको न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### इंस्टाग्राम पर गिफ्ट भेजने के नाम पर ठगी, आरोपी दबोचा

फरीदाबाद। इंस्टाग्राम एड के माध्यम से गिफ्ट भेजने के नाम पर 37,944 रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने हरिराम माली निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार एनआईटी फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 6 सितंबर को उसने इंस्टाग्राम पर गिफ्ट का एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन पर क्लिक करते ही एक व्हाट्सएप चैट खुल गई जिसके बाद कथित ठगो ने उसको गिफ्ट भेजने के नाम पर उससे 37,944 रुपये ठग लिए। जिसके बाद



ना तो उसे गिफ्ट मिला ना ही पैसे वापस मिले। जिस संबंध में साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि मामले में आरोपी हरिराम खाताधारक है जिसने अपना खाता आगे ठगो को दिया था। खाता में ठगी के 32000 रुपये आये थे। आरोपी 10वीं पास है व हस्तशिल्प का काम करता है। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## ट्रांसफर पोर्टल के नाम पर शिक्षकों का हो रहा उत्पीड़न : निर्माण

■ शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति ने विभाग की नीति पर उठाए सवाल

**चंड़ीगढ़।** ट्रांसफर के नाम पर पोर्टल-पोर्टल खोल-बंद करके प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग जहां शिक्षकों का मानसिक शोषण कर रहा है,वहीं अपनी साख पर भी बट्टा लगवाने का काम कर रहा है और विभाग सरकार की बदनामी करवा रहा है। उपरोक्त आरोप शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण,राज्य प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल ने लगाते हुए प्रमाण पेश करते हुए कहा कि पिछले चार सालों में चार बार शेड्यूल जारी करना,दो बार ट्रांसफर के लिए परीक्षा लिया जाना,दो बार पोर्टल पर स्टेशन भरवा कर यकायक सब कुछ बंद कर देना क्या कहलाता है,बार-बार पॉलिसी बदलना और अपनी ही पॉलिसी की अच्छे से पैरवी न करना किस बात की तरफ इशारा करता है और तो और पिछले एक दशक से जेबीटी की ट्रांसफर न कर पाना,पिछले चार सालों में टीजीटी,पीजीटी और प्रिंसिपल की ट्रांसफर न कर पाना क्या सिद्ध करता है।

राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि इस समय ट्रांसफर किया जाना बेहद जरूरी हैं क्योंकि ट्रांसफर मामले पर शिक्षा विभाग की काफी फजीहत हो चुकी है और प्रदेश सरकार की ड्रीम पॉलिसी बीच भंवर में फँसी है,वैसे भी लगभग चालीस हजार शिक्षक अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हैं।

## 504 करोड़ के बैंक घोटाले में चार्जशीट में खुलासा, छह आईएएस समेत 19 घेरे में

# सीबीआई ने खोली फर्जी एफडीआर की परतें, सरकारी खातों से रकम निकालने के बाद सुरक्षित धन का बनाया जाता रहा भ्रम

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के सरकारी विभागों, बोर्डों और स्थानीय निकायों की सैकड़ों करोड़ रुपये की जमा पूंजी कथित तौर पर निजी हाथों तक पहुंचाने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की 150 पन्नों की पूरक चार्जशीट में सरकारी अधिकारियों, बैंक कर्मचारियों और निजी लोगों की कथित मिलीभगत का विस्तृत ब्योरा सामने आया है। मामले में हरियाणा कैडर के छह आईएएस अधिकारियों समेत 19 लोगों को आरोपी बनाए जाने की बात सामने आई है। सीबीआई के अनुसार, कथित घोटाले में बैंक चयन से लेकर सरकारी खाते खोलने, मोबाइल नंबर और ई-मेल बदलने, चेक जारी करने, टेलीफोनिक पुष्टि और रकम दूसरे खातों में भेजने तक अलग-अलग स्तर पर हेराफेरी की गई। रकम निकल जाने के बाद कथित फर्जी सावधि जमा रसीदें (एफडीआर) और बैंक दस्तावेजों के जरिये सरकारी धन बैंक में सुरक्षित होने का भ्रम बनाए रखा गया। चार्जशीट में जिन वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिकाओं की जांच का उल्लेख है, उनमें मोहम्मद शाइन, विनीत गर्ग, डॉ. साकेत कुमार, पंकज अग्रवाल, राम कुमार सिंह और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप कुमार शामिल हैं। सीबीआई ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग, जालसाजी, जाली दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से जुड़े प्रावधानों के तहत आरोप लगाए हैं।

### ऐसे चलती रही कथित हेराफेरी

सीबीआई की जांच के अनुसार, सरकारी संस्थाओं की रकम पहले चुनिंदा बैंक खातों में जमा कराई गई। कुछ मामलों में बैंक चयन की निर्धारित प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया और जमा सीमा की कथित अनदेखी की गई। सरकारी खातों में ऐसे मोबाइल नंबर और ई-मेल दर्ज किए जाने का भी आरोप है, जिनका नियंत्रण अधिकृत विभागीय अधिकारियों के बजाय अन्य लोगों के पास था। इससे खाते में रकम आने-जाने के एसएमएस और बैंक अलर्ट वास्तविक अधिकारियों के बजाय दूसरे लोगों तक पहुंचते रहे। इसके बाद कथित फर्जी चेक, डेबिट निर्देश और टेलीफोनिक पुष्टि के माध्यम से रकम तीसरे पक्ष के खातों में भेजी गई। रकम निकलने के बाद फर्जी एफडीआर अथवा भ्रामक बैंक स्टेटमेंट के जरिये रिकॉर्ड में यह दर्शाया जाता रहा कि सरकारी धन बैंक में सुरक्षित जमा है।

### एचएसपीसीबी में 159.85 करोड़ का कथित नुकसान

सीबीआई ने एचएसपीसीबी की रकम से जुड़े छह निवेश चक्रों की जांच की। आरोप है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में निर्धारित 50 करोड़ की सीमा से अधिक रकम जमा की गई। जांच में कुल जोखिम 163.68 करोड़ रुपये तक पहुंचने का उल्लेख है। सीबीआई ने बोर्ड से संबंधित कथित नुकसान 159.85 करोड़ रुपये आंका है, जिसमें 151.42 करोड़ की मूल राशि, आठ करोड़ सीमा से अधिक जमा और 43.81 लाख रुपये का ब्याज नुकसान शामिल है। चार्जशीट में तत्कालीन चेयरमैन एवं आईएएस विनीत गर्ग की भूमिका और बैंक चयन की प्रक्रिया की भी जांच का उल्लेख है।

### पंचायत व निकायों की रकम भी जांच में

सीबीआई ने पंचायत विभाग से जुड़े 89.23 करोड़ और पंचकूला-कालका निकायों से संबंधित करीब 100 करोड़ रुपये के कथित नुकसान की भी जांच की है। आरोप है कि सरकारी खातों से रकम निकालने के बाद फर्जी दस्तावेजों के जरिये लेन-देन को सामान्य दिखाया गया। जांच में जाली चेक, सोने के सिक्कों और नकदी से जुड़े लेन-देन का भी उल्लेख है।

### विनीत गर्ग की भूमिका की भी जांच

चार्जशीट में तत्कालीन एचएसपीसीबी चेयरमैन एवं आईएएस अधिकारी विनीत गर्ग की भूमिका की भी जांच का उल्लेख है। सीबीआई ने उनके कार्यकाल के दौरान बोर्ड की जमा राशि के लिए बैंकों के चयन और निवेश से जुड़े निर्णयों की पड़ताल की है। एजेंसी ने बैंक चयन की प्रक्रिया, जमा राशि की सीमा और संबंधित अधिकारियों के बीच हुए संचार को जांच का हिस्सा बनाया है।

**इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड**
CIN: L23423HR1933PLC000097
पंजीकृत कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर–135001, हरियाणा
Telephone: +91-1732-661061 / 661158
Email: roynr@isgec.com, Website: www.isgec.com

**सूचना**

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनःप्रस्तुतिकरण हेतु स्पेशल विंडो**

सभी सम्बद्ध शेयरधारकों को यह सूचित किया जाता है कि सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2) 2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, भौतिक शेयरों के सम्बन्ध में ट्रांसफर डीड्स के पुनःप्रस्तुतिकरण हेतु 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए एक स्पेशल विंडो खोली गई है। यह स्पेशल विंडो विशेषतः 01 अप्रैल 2019 से पूर्व शेयरधारकों द्वारा बेचे अथवा खरीदे गये भौतिक शेयरों हेतु उपलब्ध है, जिसमें निम्नलिखित मामले शामिल हैं :

- हस्तांतरण आग्रह पूर्व में जमा करवाए गए थे और दस्तावेजों अथवा प्रक्रियाओं में कमियों की वजह से निरस्त कर दिये गये / लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया; अथवा
- ऐसे हस्तांतरण आग्रहों को नये सिरे से दायर किया जा रहा है जो निर्धारित शर्तों को पूरा करने के अधीन है।

कृपया ध्यान दें कि इस स्पेशल विंडो के तहत हस्तांतरित किए गए ऐसे शेयरों को केवल डिमैट गोड में हस्तांतरिती को अनिवार्य रूप से क्रेडिटेड किया जाएगा और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक (1) वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के तहत होंगे। ऐसे शेयरों को उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार-चिन्हित /गिरवीकृत नहीं किया जाएगा। सम्बद्ध शेयरधारकों को इस अवसर का लाभ उठाने और अपने हस्तांतरण आग्रहों को अपेक्षित दस्तावेजों सहित कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए"), अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 के पास पुनः दायर करने का परामर्श दिया जाता है, टेली. : 011-42541234, 23541234; ई-मेल : rta@alankit.com अथवा ramap@alankit.com

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
हस्ता/-
कल्याण घोष
अनुपालन अधिकारी
सदस्यता सं. ए10790

स्थान : नोएडा
दिनांक : 05.10.2026

## खबर संक्षेप

### किशोरी ने मृत बच्चे को जन्म दिया, की जा रही जांच

**अंबाला।** पड़ाव थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी ने मृत बच्चे को जन्म दिया है। तबीयत बिगड़ने पर परिजन किशोरी को नागरिक अस्पताल ले गए थे। यहां डिलीवरी के दौरान मृत शिशु पैदा हुआ। सूचना मिलते ही पड़ाव थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय किशोरी के पेट में अचानक तेज दर्द शुरू हुआ था। बेटी की बिगड़ती हालत देख मां उसे इलाज के लिए पास के ही एक निजी डॉक्टर के पास ले गई। हालांकि, क्लीनिक बंद मिलने के कारण परिजन किशोरी को वापस घर ले आए। घर लौटने के बाद आधी रात को किशोरी की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद परिजन आनन-फानन उसे अंबाला कैंट स्थित नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में डिलीवरी कराई गई लेकिन किशोरी ने मृत नवजात को जन्म दिया। पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### झाड़ियों में मिला युवक का शव, सिर पर चोट के निशान

**करनाल।** करनाल में मुनक रोड पर झाड़ियों से करीब 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बहादुर चंद कॉलोनी निवासी मंगल के रूप में हुई है। उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका के तहत जांच शुरू की है।सदर थाना प्रभारी तरसेम चंद के अनुसार, सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार, मंगल एक दिन पहले शाम को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की थी। मंगल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### 45 साइबर ठग गिरफ्तार 13.48 लाख रुपये बरामद

**फरीदाबाद।** साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने 26 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच 45 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। तीनों साइबर थानों की टीमों ने 9 मामलों में यह कार्रवाई की। आरोपियों से 13,48,600 रुपये बरामद किए गए, जबकि साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 3,48,600 रुपये विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराए गए।

## सोनीपत में भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री ने सर्वसमाज से किया आह्वान

# 36 बिरादरी एकजुट होकर समाज की दिशा तय करें: कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत की छोटूराम धर्मशाला में रविवार को आयोजित भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में प्रदेश सरकार के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने 36 बिरादरी की सामाजिक सरदारी से एकजुट होकर समाज को नई दिशा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक या चुनावी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि समाज के चिंतन और आत्ममंथन का अवसर है। आज समाज ऐसे दौराहे पर खड़ा है, जहां उसे बदलते समय के अनुसार अपने लक्ष्य तय करने और नई पीढ़ी के भविष्य के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। समाज की सबसे बड़ी ताकत उसका भाईचारा है। अलग-अलग जातियों और वर्गों में बंटकर रहने से किसी का भविष्य सुरक्षित नहीं होगा। सभी बिरादरियों को आपस में संवाद बढ़ाना होगा और पड़ोसी के साथ खड़ा होना होगा। बोलना और समय पर अपनी बात रखना जरूरी है। कई बार विवाद बातचीत से सुलझ सकते हैं, लेकिन संवाद नहीं होने पर छोटी-छोटी बातें बड़े संघर्ष का रूप ले लेती हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने सामाजिक सरदारी की निष्क्रियता पर भी चिंता जताई। किसी समाज को उतना नुकसान उसकी बुरी शक्तियां नहीं पहुंचातीं, जितना सज्जन और सक्षम लोगों की निष्क्रियता से होता है। इसलिए सामाजिक नेतृत्व को चुप रहने के बजाय आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अलग-अलग जिलों में जाकर सामाजिक लोगों से सक्रिय होने और समाज का नेतृत्व करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सामाजिक संबंधों में सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव भी दिखाई दे रहा है। जातिगत समूहों के बीच आपत्तिजनक टिप्पणियां और विवाद समाज में दूरी बढ़ा रहे हैं। ऐसे माहौल से बच्चों और युवाओं को बचाने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर होने वाले विवादों से कुछ लोगों को भले ही लाभ होता हो, लेकिन इसका नुकसान समाज और आने वाली पीढ़ी को उठाना पड़ता है।



**सोनीपत।** भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में पहुंचे पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानि करते हुए विभिन्न खापों के प्रतिनिधि।



**सोनीपत।** छोटूराम धर्मशाला में समारोह के दौरान उपस्थित जन को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

### मेलजोल को मजबूत करने पर जोर दिया

पूर्व मंत्री ने सामाजिक परंपराओं और आपसी मेलजोल को मजबूत करने पर भी जोर दिया। तीज-त्योहार मिलकर मनाने, धार्मिक और सामाजिक स्थानों पर सामूहिक सेवा करने तथा एक-दूसरे के घर आने-जाने की परंपरा को फिर से मजबूत करने की जरूरत है। इससे 36 बिरादरी के बीच आपसी विश्वास और भाईचारा बढ़ेगा। उन्होंने सर छोटूराम और भगत फूल सिंह जैसे महापुरुषों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्वजों ने किसान, मजदूर और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। सर छोटूराम ने किसानों के हित में मंडी व्यवस्था और फसल के उचित मूल्य जैसे विषयों को मजबूती से उठाया, वहीं भगत फूल सिंह ने सामाजिक कुरीतियों और छुआछूत के खिलाफ संघर्ष किया। उनका सपना ऐसा हरियाणा देखने का है, जहां खेलों में प्रदेश के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतें, किसान का बेटा देश की सीमा पर जवान बनकर सेवा करे और विज्ञान, चिकित्सा व कृषि के क्षेत्र में भी प्रदेश के युवा देश-दुनिया में योगदान दें।

### ये लोग मौजूद रहे

कार्यक्रम में खरखौदा विधायक पवन खरखौदा, पूर्व आईएएस युद्धवीर सिंह मलिक, सीएम के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बढ़खालसा, सीए पवन गुप्ता, पूर्व मंत्री साहब सिंह, नरवाल खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष भलेराम नरवाल, भटगांव गोशाला के प्रधान अनिल दहिया, नैन खाप के प्रधान जगपाल नैन, महावीर सिंह गहलावत, मोहन सिंह गहलावत, जयवीर, दहिया खाप के प्रधान सुरेंद्र दहिया, भानेराम प्रधान, श्रीपाल हेडमास्टर प्रधान सतगामा, जसवंत खत्री राष्ट्रीय महासचिव खत्री खाप, विजेंद्र प्रधान जटवाड़ा 360 सोनीपत, हुडा खाप के प्रधान धर्मपाल हुडा, सरोहा खाप के प्रधान रणधीर सिंह सरोहा, पीएम ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक डॉ. विजयपाल नैन, गलैक्सी कोचिंग के संचालक डॉ. कुलदीप कटारिया, डॉ. सुभाष सिसौदिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रसन्नी मलिक, मार्केट कमेटी गन्नौर के चेयरमैन निशांत छौक्कर, पूर्व चेयरमैन अनिल झरोठी, पूर्व प्रधान जसबीर दोदवा, पूर्व प्रधान तीर्थ राणा, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन मोनू बाघडू, विभिन्न खापों के प्रतिनिधि, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी, बुजुर्ग और युवा मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र में दिल्ली-जम्मू नेशनल हाइवे -44 पर हादसा

# बस ने बैरिकेडिंग तोड़ी, मशीनों से टकराई, युवक की मौत, दो घायल

**सड़क पर करीब 30-40 मजदूर काम कर रहे थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दिल्ली-जम्मू नेशनल हाइवे-44 (जीटी रोड) पर रामगढ़ के पास रविवार तड़के तेज रफ्तार स्लीपर बस सड़क निर्माण क्षेत्र की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गई। बस ने पहले सड़क पर खड़े मोटर ग्रेडर को टक्कर मारी और इसके बाद कोल्ड मिलिंग मशीन से टकराते हुए वहां काम कर रहे 30 वर्षीय मजदूर रुप चंद को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने से रुप चंद की मौके पर ही मौत हो गई। बस चालक समेत दो लोग घायल हुए हैं। हादसा सुबह करीब 3:30 बजे हुआ। उस समय हाइवे के कुरुक्षेत्र से अंबाला की ओर जाने वाले हिस्से में सड़क निर्माण का काम चल रहा था। निर्माण क्षेत्र से पहले यातायात को सुरक्षित तरीके से निकालने के लिए सेफ्टी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाई गई थी। मौके पर करीब 30-40 मजदूर काम कर रहे थे और ट्रैफिक को एक लेन से निकाला जा रहा था। पुलिस को दिए बयान में रुप चंद के भाई भरत ने बताया कि वह अपने छोटे भाई के साथ करीब 20-25 दिन से ठेकेदार जवाहर लाल के अधीन हाईवे निर्माण कार्य में लगा था। हादसे के समय रुप चंद कोल्ड मिलिंग मशीन के पास काम कर रहा था। इसी दौरान अंबाला की ओर से आ रही बस बैरिकेडिंग तोड़ते हुए निर्माण क्षेत्र में घुस गई। बस ने मोटर ग्रेडर को टक्कर मारी और इसके बाद कोल्ड मिलिंग मशीन तथा रुप चंद को चपेट में ले लिया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।




कुरुक्षेत्र। पोस्टमार्टम हाऊस पर मौजूद मृतक के परिजन। फोटो : हरिभूमि

### बस चालक केबिन में फंस गया था

हादसे के समय बस में करीब 40 यात्री सवार थे। अचानक हुए हादसे से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, अधिकांश यात्री सुरक्षित रहे। बस चालक मनोज कुमार कैबिन में फंस गया था। पुलिस और मौके पर मौजूद लोगों ने कैबिन तोड़कर उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में चालक समेत दो लोग घायल हुए हैं। मनोज कुमार हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले का रहने वाला है।

### रेवाड़ी: ट्रक की टक्कर से महिला की मौत



रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कनुका मोड़ का सर्विस रोड स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण हादसों का ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला कुसुम की मौत हो गई, जबकि उसका पति राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। राजस्थान के हुड़िया जैतपुर निवासी राजेश पत्नी के साथ रेवाड़ी आ रहा था। कनुका मोड़ अंडरपास के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर गए। पुलिस ने कुसुम को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां ट्रकों की आवाजाही अधिक होने से हादसे का खतरा बना रहता है।



### हांसी: बस-डंपर की टक्कर में 15 सवारियां घायल

**हांसी।** हांसी में रविवार को एक बस और डंपर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार 15 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सभी घायलों को हांसी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 5 सवारियों की हालत सीरियस बताई जा रही है। इस भीषण हादसे में बस की ड्राइविंग साइड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का स्टेयरिंग और इंजन के पार्ट्स उखड़कर कई फीट पीछे चले गए। डंपर का भी अगला हिस्सा पूरी तरह डैमेज हो गया। बस हांसी से बरवाला की तरफ जा रही थी। नेहरू कॉलेज के पास पहुंचते ही उसकी सामने से आ रहे डंपर से टक्कर हुई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

- बस हांसी से बरवाला की तरफ जा रही थी

# आढ़ती से धान खरीदकर 3 करोड़ हड़पे, दो मिलर्स पर केस

- रुपये मांगने पर धमकी देने तथा राशि देने से मना करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरिभूमि न्यूजः जींद। आढ़ती की मार्फत धान खरीदकर तीन करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में जुलाना थाना पुलिस ने आढ़ती की शिकायत पर दो चावल मिलरों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव शामलो कलां निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जुलाना नई अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। वर्ष 2023 में समालखा निवासी राजीव जैन और दिल्ली निवासी व्यापारी राकेश उसके पास आए थे। उन्होंने बताया कि वे आढ़तियों से फसल खरीदकर विदेशों में एक्सपोर्ट करते हैं। उन्होंने करीब 50 करोड़ रुपये का माल खरीदने की बात कही और धान घरौंडा स्थित राइस मिल में पहुंचाने को कहा। दसवें दिन भुगतान करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद राजेश ने धान भेजना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपित आधी पेमेंट ही करते थे। अप्रैल 2024 तक करीब सात करोड़ रुपये अटक गए। बाद में तीन करोड़ रुपये दे दिए, जबकि तीन करोड़ रुपये अब भी बकाया हैं। रुपये मांगने पर धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जंगला काटकर भागने का रास्ता बनाया

# बाल सुधार गृह से तीन बाल बंदी फरार हुए

**फरीदाबाद।** एनआइटी पांच स्थित बाल सुधार गृह से शनिवार शाम तीन बाल बंदी फरार हो गए। तीनों बाल बंदी गंभीर आपराधिक मामलों में सुधार गृह में बंद थे। बाल बंदियों के फरार होने से सुधार गृह की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। सुधार गृह की तरफ से पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया है कि बाल बंदियों ने बाथरूम का जंगला काटकर वहां से फरार होने का रास्ता बनाया। पता चला है कि जंगला जंग लगने के कारण गल चुका था, इससे उसके सरिया आसानी से मुड़ गए। शनिवार शाम तीनों एक-एक कर वहां से निकल गए। रात जब बाल बंदियों की गिनती हुई तब उनके फरार होने की जानकारी मिली। तीनों का अभी कोई सुराग नहीं लगा है, पुलिस उनकी तलाश कर रही है। भागने वाले बाल बंदी नूंह, हिसार और गुरुग्राम के हैं तीनों की उम्र 17 साल के आस-पास है।

## सरपंच से 5 करोड़ की फिरौती मांगने का मामला

# अज्ञात पर केस, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

- विदेशी नंबर से कॉल और व्हाट्सऐप संदेश भेजकर दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के गांव मंगलोरा के सरपंच मनजीत से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने और गांव के एंट्री गेट पर हवाई फायरिंग का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सरपंच के अनुसार, 1 अक्टूबर की रात करीब साढ़े सात बजे विदेशी नंबर से धमकी भरा कॉल और व्हाट्सऐप संदेश आया। संदेश में एंट्री गेट पर दो युवकों के होने की बात कही गई थी। आरोप है कि इनमें से एक ने देसी पिस्तौल से हवा में फायरिंग की और जान से मारने की धमकी दी। सरपंच ने बताया कि उसे और परिवार को पहले भी 5 करोड़ रुपये की फिरौती के लिए धमकियां मिल चुकी हैं।

## पानीपत में प्लॉट को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

# पेट में चाकू मारे, बेटे-पत्नी को भी पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिले के छाजपुर गांव में रविवार दोपहर जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार पर हमला कर दिया गया। आरोप है कि 15-20 लोगों ने प्लॉट में घुसकर कर्ण सिंह और उनके परिवार के सदस्यों पर चाकू व डंडों से हमला किया। हमले में कर्ण सिंह के पेट और पीठ पर चाकू से वार किए गए, जबकि उनके बेटे सन्नी के सिर पर डंडे मारे गए। उनकी पत्नी और दोनों बहुओं के साथ भी मारपीट की गई। घायलों को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कर्ण सिंह का आरोप है कि प्लॉट को लेकर दूसरे पक्ष के साथ काफी समय से विवाद चल रहा है। रविवार को इसी मामले में पंचायत होनी थी, लेकिन उससे पहले ही दूसरे पक्ष के लोगों ने प्लॉट पर पहुंचकर परिवार पर हमला कर दिया। परिवार ने महिलाओं के कपड़े फाड़ने का भी आरोप लगाया है। कर्ण सिंह ने बताया कि उनका जमीन को लेकर दूसरे पक्ष के साथ विवाद चल रहा है। उनका कहना है कि वह अपने परिवार के साथ प्लॉट पर जा रहे थे। इसी दौरान करीब 15-20 लोगों ने घेर कर हमला कर दिया।



पानीपत। जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कर्ण सिंह।

# सोम नदी में थार से स्टंट करना पड़ा भारी, दलदल में फंसी गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के छछरौली क्षेत्र के दादूपुर हेड के समीप सोम नदी के पानी में अंदर थार कार से स्टंट करना चालक को भारी पड़ गया। पानी में गाड़ी दौड़ाते समय थार दलदली क्षेत्र में धंस गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों के अनुसार, चालक सोम नदी के पानी में थार को तेज गति से दौड़ाकर स्टंट कर रहा था। इसी दौरान गाड़ी नदी के दलदली हिस्से में फंस गई। काफी प्रयास के बावजूद कार बाहर नहीं निकल सकी। समाचार लिखे जाने तक गाड़ी को दलदल से बाहर निकाले जाने के प्रयास किए जा रहे थे।



# फरीदाबाद में पशु का मांस काटने के आरोप पर हंगामा

*बजरंग दल-हिंदू रक्षा दल की पुलिस से धक्का-मुक्की*

- 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया, बाद में छोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

सूरजकुंड रोड स्थित पहाड़ियों में कथित तौर पर पशु का मांस काटने को लेकर हंगामा हो गया। बजरंग दल और हिन्दू रक्षा दल के सदस्यों के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान कई सदस्यों को पुलिस पकड़ कर ले गई। पुलिस ने मौके से 3 ऐसे लोगों को भी पकड़ा है जिन पर कथित तौर पर पशु का मांस काटने का आरोप है।

लेकिन पुलिस ने बाद में सभी को छोड़ दिया। सूरजकुंड थाना प्रभारी पहलाद ने बताया कि नगर निगम बूचड़खाना था, इसलिए कोई केस नहीं बनता। सभी को छोड़ दिया गया है थोड़ी देर के लिए माहौल गरमा गया था। लेकिन बाद में सब ठीक हो गया। हिन्दू रक्षा दल के सदस्य दीपक ने बताया कि उनके एक साथी सागर को पहाड़ियों में मांस काटने का सूचना मिली थी। जिसके बाद उसने अंदर जाकर देखा तो कथित पशुकशी की जा रही थी। इसके बाद उन लोगों ने उसके साथी सागर पर भी चाकू से वार करने का प्रयास किया। सागर ने उनको कॉल करके मामले की सूचना दी। इसके बाद वह सभी मौके पर पहुंच गए। मामले की सूचना मिलते ही सूरजकुंड थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस को बुलाया गया था। मौके से पुलिस सोनू, साकिर और राजेश को अपने साथ लेकर जा रही थी।

इसी बीच बजरंग दल और हिन्दू रक्षा दल के सदस्य पुलिस की गाड़ी के आगे बैठ गए। उन्होंने पुलिस के द्वारा उनके लेकर जाने का विरोध किया। जिसके बाद पुलिस और उनके बीच धक्का-मुक्की हो गई।

घटना के बाद सूरजकुंड रोड पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को समझाकर स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हलका बल प्रयोग किया तो दोनों के बीच में धक्का.मुक्की होने लगी। पुलिस ने बजरंग दल और हिन्दू रक्षा दल के कई सदस्यों को गाड़ी में बैठा लिया। जिसके बाद पुलिस ने भीड़ को हटा दिया।

## 38 वर्षीय सैनिक कृष्ण दलाल का बीमारी के चलते निधन, परिवार में पसरा मातम

# राजकीय सम्मान के साथ सैनिक को दी अंतिम विदाई

- सेना के जवानों ने दी सलामी, दोनों बेटों ने पिता को दी मुखाग्नि
- अमृतसर के तोपखाना केंद्र में तैनात थे कृष्ण दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के नंदगढ़ गांव निवासी सैनिक कृष्ण दलाल का रविवार को उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सैनिक के अंतिम संस्कार के दौरान गांव का माहौल गमगीन रहा। ग्रामीणों ने नम आंखों से अपने गांव के वीर सैनिक को अंतिम विदाई दी। सेना के जवानों ने राजकीय सम्मान के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी के अनुसार, नंदगढ़ गांव निवासी 38 वर्षीय कृष्ण दलाल भारतीय सेना में तैनात थे और वर्तमान में अमृतसर के तोपखाना केंद्र में अपनी सेवाएं दे रहे थे। करीब एक वर्ष पहले उन्हें कैंसर की बीमारी का पता चला था। इसके बाद उनका उपचार चंडी मंदिर स्थित कमांड अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। सैनिक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को कृष्ण दलाल का पार्थिव शरीर सेना के जवानों की मौजूदगी में उनके पैतृक गांव नंदगढ़ लाया गया। पार्थिव शरीर के गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। हर किसी की आंखें नम थीं। अंतिम संस्कार की रस्में पूरी होने के बाद उनके दोनों बेटों ने पिता को मुखाग्नि दी। कृष्ण दलाल अपने पीछे माता-पिता, पत्नी, एक छोटे भाई और दो बेटों को छोड़ गए हैं। उनका छोटा भाई चंडीगढ़ पुलिस में तैनात है। कृष्ण दलाल के दो बेटे हैं, जिनमें एक की उम्र सात वर्ष और दूसरे की उम्र पांच वर्ष है। सैनिक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सैनिक कृष्ण दलाल के अंतिम संस्कार में हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी, नायब तहसीलदार सिराज खान, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा, जुलाना विधायक विनेश फोगाट के पति सोमबीर राठी सहित आईवीओ टीम के सदस्य मौजूद रहे।



जुलाना। सैनिक को नमन करते हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी।

### अर्थशास्त्रियों और बैंक अधिकारियों ने सर्वेक्षण में कहा

# मुद्रास्फीति के दबाव के बीच रेपो दर 0.25 प्रतिशत बढ़ा सकता है भारतीय रिजर्व बैंक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

**पश्चिम एशिया संकट दोबारा गहराने से मुद्रास्फीति दबाव में** | **वर्ष 2025 में दरों में कटौती के बाद बड़ा ठहराव देखा गया** | **रेपो दर में आखिरी बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में की गई थी**

अर्थशास्त्रियों और बैंक अधिकारियों का मानना है पश्चिम एशिया संकट के दोबारा गहराने से पैदा हुए मुद्रास्फीति के दबाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। सोलह अर्थशास्त्रियों और वरिष्ठ बैंक अधिकारियों के एक सर्वेक्षण के अनुसार यदि आगामी नीतिगत समीक्षा में केंद्रीय बैंक दरों में वृद्धि करता है, तो यह ब्याज दर नीति में एक बड़े बदलाव का संकेत होगा।

गौरतलब है कि 2025 में दरों में कटौती और उसके बाद लंबे समय तक ठहराव देखा गया था। रेपो दर में आखिरी बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में की गई थी, जब आरबीआई ने दर को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया था। इसके बाद उसने 2023-24 के दौरान दर को अपरिवर्तित रखा और फिर 2025 में कटौती का चक्र शुरू किया। इस समय आरबीआई की नीतिगत रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर है।



### ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गुंजाइश

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य आर्थिक सलाहकार कनिका पसरीचा ने कहा, ''वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में बढ़ोतरी के साथ तालमेल बैठाने, बढ़ती मुद्रास्फीति के जोखिम और मजबूत वृद्धि की रफ्तार ब्याज दरों को बढ़ाने के लिए नीतिगत गुंजाइश देती है।

### ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना

क्रिसिल की प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि पिछली नीति के बाद से मुख्य रूप से पश्चिम एशिया संघर्ष के फिर से भड़कने और ऊर्जा तथा जिंस की कीमतों में तेजी के कारण मुद्रास्फीति का दबाव और बढ़ गया है। यदि यह दबाव जारी रहता है, तो आगे दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। सर्वेक्षण में शामिल ज्यादातर विशेषज्ञों को बुधवार को होने वाली आगामी नीतिगत समीक्षा में सख्त रुख के साथ ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना दिख रही है।

### खुदरा महंगाई के अनुमान में बढ़ोतरी की उम्मीद

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, खाद्य मुद्रास्फीति के जोखिमों और कीमतों के दबाव के बीच विशेषज्ञों को आरबीआई द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने सीपीआई (खुदरा) मुद्रास्फीति अनुमान में बढ़ोतरी करने की उम्मीद है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''हाल ही में कच्चे तेल की कीमतों के 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने से पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) में वृद्धि हो सकती है।

### रेपो दर में कम से कम दो बार बढ़ोतरी हो सकती है

विशेषज्ञों का व्यापक रूप से मानना है कि वित्त वर्ष 2026-27 में रेपो दरों में कम से कम दो बार बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि कई विशेषज्ञों को पूरे वित्त वर्ष के दौरान दो से तीन बार बढ़ोतरी की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति बढ़ने के कारण केंद्रीय बैंक को अपने मौद्रिक नीति रुख को धीरे-धीरे सामान्य करने की जरूरत हो सकती है।

### विशेषज्ञ उदार रुख को वापस लेने के पक्ष में

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा, ''प्रमुख मुद्रास्फीति अधिक होने के कारण नीति को धीरे-धीरे सामान्य करना जरूरी है। आने वाली तिमाहियों में वास्तविक दरें नकारात्मक न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए दर वृद्धि आवश्यक है। नीतिगत रुख पर विशेषज्ञों की राय 'कोई बदलाव नहीं होगा' और 'नपे-तुले ढंग से सख्ती' के बीच बंटी हुई है, जबकि कुछ विशेषज्ञ 'उदार रुख को वापस लेने' के पक्ष में भी हैं।

## भारत नकल के बजाय अपना एआई सुरक्षा ढांचा बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- उद्योग विशेषज्ञों ने अपनी राय जाहिर की
- डीपफेक व साइबर हमलों से निपटने की प्रतिबद्धता जरूरी

भारत को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच पिछले सप्ताह हुए स्वैच्छिक समझौते की नकल करने के बजाय अपनी भाषाओं, बड़े पैमाने और अनुप्रयोग आधारित कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश के अनुरूप अपना एआई सुरक्षा ढांचा तैयार करना चाहिए। उद्योग विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने 'डीपफेक' और साइबर हमलों जैसे जोखिमों से निपटने के लिए सभी संबंधित पक्षों को साथ लाने वाली प्रतिबद्धता की भी जरूरत बताई। हालांकि, वे इस बात पर अलग-अलग राय रखते हैं कि केवल स्वैच्छिक उपाय पर्याप्त होंगे या नहीं। इन विशेषज्ञों की राय 29 सितंबर को ट्रंप और गूगल, ओपनएआई, एंथ्रोपिक, मेटा, एनवीडिया तथा एलन मस्क की एक्सएआई जैसी प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित 'व्हाइट हाउस एकॉर्ड ऑन सुपर इंटेलिजेंस' के बाद सामने आई है।

### एआई सुरक्षा को काफी मजबूत करना होगा

वेलामाकन्नी ने कहा, ''जैसे-जैसे मॉडल अधिक सक्षम और स्वायत्त होते जा रहे हैं, हम उन्हें प्रणालियों तक अधिक पहुंच और फैसले लेने की अधिक स्वायत्तता दे रहे हैं। विनाशकारी जोखिमों को रोकने के लिए एआई सुरक्षा को काफी मजबूत करना होगा और इसे एआई की क्षमता से आगे रहना होगा।''

## बीते सप्ताह सरसों और मूंगफली के भाव टूटे



**नई दिल्ली।** उपलब्धता की कमी और मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया जबकि नई फसलों की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतें गिरावट के साथ बंद हुईं। मलेशिया में गिरावट के बीच पाम-पामोलीन के दाम में भी गिरावट आई। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह उपलब्धता की कमी और कच्ची घानी के तेल मिलों की बढ़ती मांग के कारण सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18.34 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 18.34 अरब डॉलर घटकर 747.56 अरब डॉलर रहा। आरबीआई से यह जानकारी मिली। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.88 अरब डॉलर घटकर 765.90 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में 785.71 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का ब्याज दर पर फैसला, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, कच्चे तेल की कीमतें और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाएं और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक पर करीबी नजर रहेगी। नीतिगत रुख, मुद्रास्फीति का परिदृश्य और वृद्धि के अनुमान निकट अवधि में घरेलू ब्याज दरों और वित्तीय बाजारों की दिशा के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों का सत्र भी शुरू होगा। सूचकांक में अधिक भार रखने वाली कंपनी टीसीएस और खुदरा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीमार्ट समेत कई प्रमुख कंपनियां अपने नतीजे घोषित करेंगी। मिश्रा ने कहा कि आंकड़ों के मोर्चे पर भारत के सितंबर के अंतिम एचएसबीसी सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के आंकड़े छह अक्टूबर को जारी किए जाएंगे।

- रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय भी प्रभावित करेगी धारणा

**सेबी के पास 16 कंपनियों के आईपीओ के लिए आवेदन**

**नई दिल्ली।** एनारॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स, बीएस स्पॉन्ज और आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स समेत कम से कम 16 कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं।

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### शादी-ब्याज के सीजन से पहले होटल कारोबार में उछाल

**नई दिल्ली।** सर्दियां शुरू होने से पहले ही होटल उद्योग में शादी समारोहों के लिए मांग तेज हो गई है। लोकप्रिय होटल और रिजॉर्ट में महीनों पहले से बुकिंग हो रही है। कई प्रमुख होटल संपत्तियों ने शादी से जुड़े कारोबार में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की है, जबकि नवंबर और फरवरी जैसे प्रमुख महीनों के लिए होटल में बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है। यानी इनमें बहुत कम दिन के लिए बुकिंग उपलब्ध है। देश के पहले ऑटोग्राफ कलेक्शन होटल के रूप में ब्रांडेड मैरियट इंटरनेशनल के नूर महल दिल्ली एनसीआर, करनाल के कार्यकारी निदेशक रूप प्रताप चौधरी ने कहा कि होटल के विवाह कारोबार में पिछले साल की तुलना में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### देश के शीर्ष 20 निजी संस्थानों में शामिल, वैश्विक स्तर पर 1001–1200 रैंक बैंड में पहुंचा; QS रैंकिंग में भी अंतरराष्ट्रीय पहचान मज़बूत

## टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में गलगोटियास की ऊंची उड़ान, 24 पायदान चढ़कर देश में 41वां स्थान हासिल किया

**ग्रेटर नोएडा।** टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में गलगोटियास विश्वविद्यालय ने 24 स्थान की छलांग लगाकर भारत के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में 41वाँ स्थान प्राप्त किया है। 2026 संस्करण में विश्वविद्यालय 65वें स्थान पर था। विश्वविद्यालय भारत के निजी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में भी सात स्थान आगे बढ़कर पिछले वर्ष के 27वें स्थान से 20वें स्थान पर पहुँच गया है। वैश्विक स्तर पर गलगोटियास 2026 के 1201-1500 बैंड से आगे बढ़कर 1001-1200 रैंक बैंड में पहुँच गया है।




### THE के साथ QS रैंकिंग में भी मज़बूत उपस्थिति

गलगोटियास विश्वविद्यालय ने QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में भी 1201-1400 वैश्विक बैंड में स्थान हासिल किया है। इस रैंकिंग में विश्वविद्यालय भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 16वें, देश के सभी विश्वविद्यालयों में 46वें और उत्तर प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में तीसरे स्थान पर है। THE और QS, दोनों अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में स्थान मिलना विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक पहचान का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

THE की इस वर्ष की रैंकिंग में 118 देशों और क्षेत्रों के 2,297 विश्वविद्यालय शामिल हैं। पिछले वर्ष यह संख्या 2,191 थी।

### शोध और पढ़ाई की गुणवत्ता पर ज़ोर

विश्वविद्यालय शोध और नवाचार पर लगातार काम कर रहा है। इसका शोध आधार 9,940 से अधिक स्कोपस-इंडेक्स्ड प्रकाशनों, 80,780 से अधिक साइटेशन, और 104 के h-इंडेक्स पर आधारित है। विश्वविद्यालय के सात संकाय सदस्य विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हैं, और विश्वविद्यालय ने ICSSR, ANRF, CSIR और SERB सहित एजेंसियों से 15 सरकारी वित्तपोषित शोध परियोजनाएँ प्राप्त की हैं।

### मिलान से जापान तक बढ़ा शैक्षणिक सहयोग

गलगोटियास विश्वविद्यालय ने इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, थाईलैंड, वियतनाम और सिंगापुर में अपने शैक्षणिक संबंधों का विस्तार किया है। इन साझेदारियों का उद्देश्य छात्रों को विदेश में पढ़ाई के अवसर देना, संयुक्त शोध को बढ़ावा देना और शिक्षकों के प्रशिक्षण को मजबूत करना है।

विश्वविद्यालय ने 28 सितंबर 2026 को इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ मिलानो-बिकोका के साथ पाँच वर्ष का सहयोग समझौता किया है। इसके तहत शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त शोध और वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

वहीं, थाईलैंड की क्रिर्क यूनिवर्सिटी के साथ आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके ज़रिये साझा शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध, छात्रों के आदान-प्रदान और शिक्षकों के प्रशिक्षण की संभावनाओं पर काम होगा। उद्यमिता और महिला नेतृत्व को बढ़ावा देना भी प्रस्तावित सहयोग का हिस्सा है।

जापान में विश्वविद्यालय ने यामानाशी प्रीफेक्चरल सरकार के साथ समझौता ज्ञापन और यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी के साथ आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौते छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसर बढ़ाने तथा ग्रीन हाइड्रोजन सहित स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में संयुक्त शोध का आधार तैयार करते हैं। समझौते यामानाशी के गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में आए 200 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान हुए।

वियतनाम में हो ची मिन्ह सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (HUTECH), हो ची मिन्ह सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंस (UEF) और साइगॉन हाई-टेक पार्क से जुड़े संस्थानों के साथ सहयोग शिक्षा, शोध, उद्योग और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में नई संभावनाएँ तैयार कर रहा है।

### छात्रों के लिए विदेश में पढ़ाई के अवसर

कैमब्रिज विश्वविद्यालय के गर्टन कॉलेज के साथ समझौते के तहत वर्ष 2026 में गलगोटियास के 16 छात्रों का चयन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उद्यमिता के दो सप्ताह के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के लिए हुआ। कार्यक्रम में उनकी भागीदारी का पूरा खर्च गलगोटियास विश्वविद्यालय ने वहन किया।

फ्रांस के YNOV Campus के साथ सहयोग के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और कंप्यूटर साइंस में मास्टर कार्यक्रमों के अवसर उपलब्ध हैं। इनकी संरचना में एक वर्ष भारत और एक वर्ष फ्रांस में पढ़ाई शामिल है।

पढ़ाई को अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए विश्वविद्यालय अपने छात्र-केंद्रित सक्रिय शिक्षण मॉडल G-SCALE को आगे बढ़ा रहा है। इसमें नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर के InSPIRE का परामर्श और मार्गदर्शन मिल रहा है। इस मॉडल में छात्रों को परियोजनाओं, समूह में काम करने और वास्तविक समस्याओं के समाधान के ज़रिये सीखने का अवसर मिलता है।

### उद्योग से गहरी साझेदारी

गलगोटियास में छात्र क्या और कैसे सीखते हैं, इसे अब उद्योग साझेदार आकार दे रहे हैं। Accenture ने विश्वविद्यालय के साथ मिलकर AI-आधारित BTech और BBA कार्यक्रम शुरू किए हैं। इनमें 40 प्रतिशत पाठ्यक्रम Accenture के विशेषज्ञ पढ़ाएँगे। गलगोटियास और टाटा टेक्नोलॉजीज़ का फ्यूचर मोबिलिटी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस छात्रों को इलेक्ट्रिक वाहन, एम्बेडेड और सॉफ्टवेयर-डिफाइंड वाहन प्रणालियों तथा मैकेनिकल डिज़ाइन में प्रशिक्षित करता है। Apple के साथ संचालित विश्वविद्यालय के iOS डेवलपमेंट सेंटर के छात्र डेवलपर कार्यक्रम को Apple ने विशेष रूप से प्रदर्शित किया है।

### छात्रों पर प्रभाव

इन प्रयासों का असर छात्रों के परिणामों में दिख रहा है। 2026 में गलगोटियास के छात्रों को 1,250 से अधिक रिक्रूटर्स से 5,500 से अधिक जॉब ऑफर मिले। Apple के स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज में विश्वविद्यालय की जीत 2025 के 10 से बढ़कर 2026 में 18 हो गई। छात्रों ने अपने जीवन से जुड़ी समस्याओं को हल करने वाले ऐप बनाए हैं, जिनमें मासिक धर्म स्वास्थ्य साथी Sakhi और ऑटिज़्म की शुरुआती जाँच में सहायक Auticare शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर डॉ. ध्रुव गलगोटिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गलगोटियास विश्वविद्यालय, ने कहा, "एक ही वर्ष में भारत में 24 स्थान की बढ़त पूरे गलगोटियास परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि हमारे उन संकाय सदस्यों की है जिनकी विद्वत्ता ज्ञान को आगे बढ़ाती है, हमारे उन छात्रों की है जिनकी महत्वाकांक्षा हमें प्रेरित करती है, और उन परिवारों की है जो हमारे विश्वविद्यालय पर भरोसा करते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "भारत के शीर्ष 20 निजी संस्थानों में प्रवेश ऊँचा लक्ष्य रखने के हमारे संकल्प को और मज़बूत करता है। हमारा लक्ष्य एक ऐसा विश्वविद्यालय बनाना है जहाँ उत्कृष्ट शिक्षण, सार्थक शोध और वैश्विक अवसर एक साथ मिलें, और जहाँ हर उपलब्धि हमारे छात्रों के लिए और बड़ी संभावनाओं के द्वार खोले।"



### पंजाब नेशनल बैंक के अंचल कार्यालयों द्वारा पौधारोपण अभियान

**नई दिल्ली।** पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय, भिकाजी कामा प्लेस, दिल्ली एवं अधीनस्थ मंडल कार्यालयों द्वारा पौधारोपण अभियान पीएनबी प्लास 4.0 के उपलक्ष्य में दिल्ली कैंट क्षेत्र में दिनांक 01/10/2026 को पंजाब नैशनल बैंक (**PNB**) द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अचल प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबन्धक महोदय श्री राजेश भौमिक ने दिल्ली कैंट में बैंक के अन्य उच्च अधिकारियों के साथ पौधारोपण किया।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

### शब्द पहेली - 6368




**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6367 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | व | न | कु | मा | र | | म | क | ब | रा |
| ला | न | | त | | स | ली | का | | स | त |
| य | | प | र | वा | ना | | न | न | | दि |
| न | का | र | ना | | | क | | म | हा | न |
| वा | | ख | | स | ह | ल | ज | | ज | |
| दी | वा | ना | प | न | | प | र | ब | री | श |
| | जि | | र | स | ले | ना | | न | | री |
| ग | ब | न | | नी | | | अ | वा | न्त | र |
| ज | | शा | न | | आ | ब | नू | स | | र |
| रा | ज | | ज | टा | यु | | रू | | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | | थ | मों | प | दे | श | क |



### दहशतगर्दों ने ग्रामीण का राजौरी में किया था अपहरण, फिर छोड़ा

# राजौरी, उधमपुर में आतंकियों की आवाजाही के बाद तलाशी अभियान

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी और उधमपुर जिलों के वन क्षेत्रों में संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने रविवार को तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने शनिवार देर रात ग्रामीण अनिल सूदन का राजौरी के सुंदरबनी सेक्टर में अपर लारडिया स्थित उसके घर के पास से कथित तौर पर अपहरण कर लिया। हालांकि, तीनों ने अनिल सूदन को दुआ खड्ड के जंगल तक रास्ता दिखाने के लिए इस्तेमाल करने के बाद तड़के करीब 3.15 बजे छोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने



पर पुलिस और सेना घटनास्थल पर पहुंची और संदिग्ध आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि अभी तक संदिग्धों से कोई संपर्क नहीं हुआ है।

**ग्रामीण बोले-काले कपड़े, भारी बैग और हाथों में हथियार**

स्थानीय लोगों ने काले कपड़े पहने और पीठ पर बैग तथा हथियार लिये दो लोगों की गतिविधि की सूचना दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने राजौरी के मंडुगाला ढोक जंगल को भी घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर के चिंगली केया गांव में भी एक अन्य तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### मंगलवार को लश्कर के कमांडर हाशिम मूसा को मार गिराया था

# घाव जल्दी भरें, इसलिए शहद लगाता था आतंकी मूसा, पाक हैंडलर को इलाज की तस्वीरें भेजीं थीं

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर/नई दिल्ली

पाकिस्तान का एक शीर्ष आतंकवादी जम्मू-कश्मीर के घने जंगल में छिपे रहने के दौरान गोली लगने से हुए घावों को जल्दी भरने के लिए शहद के इस्तेमाल की पारंपरिक आयुर्वेदिक पद्धति का सहारा ले रहा था। माना जाता है कि वह पाकिस्तानी सेना के विशेष बल स्पेशल सर्विसेज ग्रुप (एसएसजी) का पूर्व कमांडो था।



अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस हफ्ते की शुरुआत में, मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के यूसमर्ग में सेना द्वारा ऊंचाई वाले इलाके में चलाए गए अभियान में प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का क्षेत्र में मुख्य ऑपरेशनल कमांडर और 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में शामिल मोहम्मद आसिफ उर्फ 'हाशिम मूसा' मारा गया। अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू क्षेत्र के राजौरी इलाके में 'ऑपरेशन शेरुवाली' के दौरान डोरीमल-गंभीर मुगला क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मूसा को गोली लगी थी।

**आतंकी से मिले फोन से हुआ खुलासा**

दो आतंकवादियों की तलाश में यह अभियान 45 दिनों से अधिक समय तक चला था। पुंछ और राजौरी के जंगलों में छिपे रहने के दौरान आतंकवादी अपने घावों पर शहद लगाता था। इलाके में सुरक्षा बलों की घेराबंदी के कारण उसे इलाज नहीं मिल पा रहा था, इसलिए उसने घाव भरने और संक्रमण से बचाव के लिए शहद का सहारा लिया। सितंबर में यूसमर्ग के ऊंचाई वाले इलाके में यासिर के मारे जाने के बाद उसके पास से फोन बरामद हुआ। फोन में मूसा के शहद से उपचार किए गए घावों की तस्वीरें मिलीं। इन तस्वीरों को सीमा पार पाकिस्तान में मौजूद उनके आकाओं को भेजा गया था, ताकि उन्हें इस शीर्ष आतंकवादी की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी दी जा सके। पाकिस्तान में बैठे उसके आका यह सुनिश्चित करने के निर्देश दे रहे थे कि शहद शुद्ध हो, क्योंकि इससे मूसा के घाव जल्दी भरने में मदद मिल सकती थी।

## खबर संक्षेप

### आज रोहिणी अदालत के वकीलों की हड़ताल

**नई दिल्ली।** रोहिणी कोर्ट बार एसोसिएशन ने थाने में एक अधिवक्ता के साथ कथित दुर्व्यवहार और मारपीट के विरोध में सोमवार को जिला अदालत परिसर में न्यायिक कार्य का पूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान किया है। बार एसोसिएशन ने यह भी कहा कि उस दिन किसी भी जिले के पुलिस अधिकारी को अदालत परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### यमुना पुल पर कार ट्रक से टकराई, तीन की मौत

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ने वाले यमुना पुल पर तेज रफ्तार एक कार के ट्रक से टकराने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे उस समय हुआ, जब उत्तराखंड जा रही हुंडई क्रेटा कार आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान सिरमौर के शिलाई निवासी 32 वर्षीय तरसेम सिंह, मुजफ्फरनगर के अमित कुमार और ग्रेटर नोएडा निवासी 30 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है।

### असमः नाव पलटने से तीन की डूबने से मौत

**उत्तर लखिमपुर।** असम के लखीमपुर में आर्द्रभूमि में नाव पलटने से परिवार के दो सदस्यों समेत तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग घिलामारा इलाके के देबोलिया गांव के रहने वाले थे और वे मवेशियों को चराने के लिए मेरबिल पार कर रहे थे। रास्ते में छोटी नाव पलट गई और आर्द्रभूमि में पानी अधिक होने के कारण तीनों डूब गए। मृतकों की पहचान पद्म दत्ता (45), भतीजे मृदुस्मिन (11) और अजित दत्ता (22) के रूप में हुई है।

### उदयनिधि स्टालिन पर एफआईआर दर्ज

**धारापुरम।** तमिलनाडु के धारापुरम विधानसभा उपचुनाव के बीच विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन



की मुश्किल बढ़ गई है। तिरुपुर पुलिस ने उनके खिलाफ चुनाव प्रचार में एक बच्चे को कथित तौर पर शामिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। शनिवार को धारापुरम शहर में पेरियार की प्रतिमा के पास एक चुनावी सभा हुई थी।

# ज्ञानेश कुमार के खिलाफ उद्धव-राज ठाकरे का मुंबई में जोरदार प्रदर्शन

## दिल्ली में आप, स्टूडेंट यूनियन सड़क पर उतरी, तीन दिन में तीन प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| मुम्बई\नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ रविवार को मुंबई में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने जॉइंट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। दोनों नेताओं ने मेट्रो स्टेशन से शुरू होकर महानगरपालिका भवन तक मार्च निकाला। उद्धव की शिवसेना यूबीटी और राज ठाकरे की मनसे पार्टी ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की है।

राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में हुए एसआईआर को रद्द किया जाए। सरकार किसकी बनेगी, ये फैसला जनता को तय करना है, चुनाव आयोग को नहीं। वहीं उद्धव बोले कि ज्ञानेश कुमार बीजेपी का हथियार हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देश में पिछले तीन दिनों में दो शहरों में तीन बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं। उसके अलावा अलग-अलग संगठन और पार्टियां भी विरोध मार्च निकाल चुकी हैं।

**प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए**
*चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी करने का लगाया आरोप*




### दिल्ली में महिला पत्रकार से छेड़छाड़ के खिलाफ सीजेपी ने खोला मोर्चा



**दिल्ली पुलिस पर बदसलूकी का आरोप इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच करेगी**

**सौरव दास का पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर प्रदर्शन एसीपी पर कार्रवाई की मांग**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जंतर-मंतर पर 3 महिला पत्रकारों ने दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। दिल्ली पुलिस ने जांच के लिए केस क्राइम ब्रांच को सौंप दिया है। एक महिला पत्रकार ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों को पकड़ने के दौरान वहां कोई महिला पुलिसकर्मी नहीं थी। हिरासत में लेने के दौरान एसीपी विवेक भगत ने सीने पर हाथ मारा और धक्का देकर वहां से भाग गया। उधर सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने पहुंचे। सीजेपी की मांग है कि एसीपी भगत के खिलाफ एफआईआर हो। भारतीय युवा कांग्रेस ने ज्ञानेश के इस्तीफे तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के लिए जंतर-मंतर को फिर से प्रदर्शन स्थल के रूप में बहाल करने की मांग करते हुए रविवार को दिल्ली में मशाल जुलूस निकाला।



**प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने के बाद नेहा के समर्थन में आए 'इंडिया' गठबंधन के नेता**

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने रविवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा का समर्थन किया, जिन्हें पुलिस ने जंतर-मंतर की ओर मार्च करने के प्रयास के दौरान हिरासत में ले लिया था। आरोप है कि उन्हें निजी गाड़ी में ले जाया गया, जिस पर आधिकारिक नंबर प्लेट नहीं थी, जिसके कारण शुरुआत में उनके सहयोगियों और समर्थकों को उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। आइसा के सदस्यों ने आरोप लगाया कि गाड़ी में कोई भी महिला पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं थी।

### सीएम शुभेंदु का बड़ा ऐलान

# बंगाल में 6 माह में लागू होगा यूसीसी यहां 'लव और लैंड जिहाद' होगा बंद

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि राज्य में उत्तराखंड और गुजरात की तर्ज पर यूसीसी लागू की जाएगी। सरकार 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के खिलाफ भी कानून बनाएगी। इन कानूनों को अगले छह महीने में लाने की तैयारी है। इसके अलावा कहा कि पूर्व सीएम ममता के खिलाफ जांच की जाएगी।



**सरकार संविधान के अनुसार काम करेगी**

शुभेंदु ने कोलकाता में आयोजित विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार संविधान के अनुसार काम करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार भारतीय संस्कृति पर किसी भी तरह का हमला नहीं होने देगी और पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक धार्मिक पर्यटन सर्किट भी विकसित किया जाएगा।

### गुजरातः खेड़ा के रेलवे स्टेशन से चुराया गया था सोना

# कुछ ही घंटे में लुटेरे गिरफ्तार चार करोड़ का सोना बरामद

अहमदाबाद। गुजरात पुलिस ने ज्वैलर के कर्मचारी से कीमती सामान चोरी होने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की। घटना के कुछ घंटे में ही पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया और 4 करोड़ कीमत का 2 किलो 900 ग्राम सोना बरामद किया। यह सोना खेड़ा जिले के रेलवे स्टेशन से चुराया गया था। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम हुई लूट के कुछ ही घंटों बाद अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस और जीआरपी की संयुक्त टीमों ने संदिग्धों को विरमगाम के पास पकड़ लिया। आरोप है कि लुटेरों के एक गिरोह ने एक ज्वैलर के कर्मचारी से कीमती सामान छीन लिया। पुलिस को देखते ही संदिग्धों ने कार गढ़वी की पुलिस गाड़ी से टकरा दी और पीछे से भागने की कोशिश की। गढ़वी ने चलती कार का दरवाजा पकड़कर कार के अंदर पहुंचने, हैंडब्रेक खींचने और गाड़ी को रोकने में कामयाब रहे। इस दौरान उन्हें लगभग 500 मीटर तक घसीटा गया।

**ऐसे पकड़े शातिर**



अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस ने गाड़ी के रजिस्ट्रेशन की जानकारी और मोबाइल फोन सल्सक्राइबर डिटेल रिकॉर्ड डेटा के आधार पर भागने के संभावित रास्तों का पता लगाया। पुलिस ने अहमदाबाद जिले के विरमगाम के पास संदिग्ध कार का पता लगाया और पाया कि बिना नंबर वाली एक गाड़ी जा रही थी। पुलिस ने बिना नंबर वाली गाड़ी को रोकने के लिए नाकाबंदी की और मौके पर ही एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया।

# तमिलनाडु समेत 4 राज्यों में उपचुनाव के लिए प्रचार खत्म



■ विजय ने धारापुरम में 40 किमी रोड शो किया 6 अक्टूबर को होगी वोटिंग

एजेंसी ▶▶| धारापुरम

चार राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 6 सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव हैं। इनमें तमिलनाडु की 2, पश्चिम बंगाल की 2 और पुडुचेरी की 1 विधानसभा सीट शामिल है। असम की 1 लोकसभा सीट भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के नियम के मुताबिक, वोटिंग से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद कर दिया जाता है। तमिलनाडु की मदुरांतकम और धारापुरम विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का प्रचार रविवार को खत्म हो गया। दोनों सीटें एससी के लिए आरक्षित हैं और यहां पांचतरफा मुकाबला है। मुख्यमंत्री विजय ने धारापुरम में तीन घंटे से ज्यादा लंबा रोड शो किया। उन्होंने करीब 40 किमी की दूरी तय की।

# सूरत में किड्स जोन में खेल रहे बच्चे को बेरहमी से पीटा

**सूरत।** गुजरात के सूरत की अलथाण सोसायटी में एक शख्स ने छोटी सी बात पर 9 साल के बच्चे को बेरहमी से पीट दिया। थप्पड़ों से बच्चा जमीन पर गिर गया। इसके बाद भी आरोपी ने उसे कई थप्पड़ जड़े, जिससे बच्चे के कान में गंभीर चोटें आ गईं। बच्चे की मां ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। साइंस कॉलेज में प्रोफेसर जागृतिबेन सोनालिया द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुबाबिक, शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे, उनका 9 साल का बेटा हितार्थ बिल्डिंग के किड्स जोन में बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान उसकी स्माइली बॉल बिल्डिंग में रहने वाले वर्धन शाह की बेटी को लग गई। इसी बात से नाराज वर्धन



■ बच्चे ने कान पकड़कर माफी मांगी, फिर भी नहीं माना, केस दर्ज

ने बच्चे को गाली देते हुए उसे 5-6 थप्पड़ जड़ दिए। थप्पड़ों से हितार्थ फर्श पर गिर गया। बच्चे ने कान पकड़कर मांफी मांगी, लेकिन आरोपी ने फिर से उसे दो-तीन थप्पड़ जड़ दिए।

### दिल्ली में बुजुर्ग कपल को कार ने टक्कर मारी, दोनों सड़क पर गिरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के किर्ती नगर में मॉर्निंग वॉक से घर लौट रहे एक बुजुर्ग कपल को क्रेटा कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसा आर्य समाज मंदिर के पास शुक्रवार सुबह 8 बजकर 46 मिनट पर हुआ। पुलिस ने शनिवार को घटना की जानकारी दी। बुजुर्ग कपल की पहचान 79 साल के दयानंद तंगरा और उनकी 71 साल की पत्नी कुसुम तंगरा के रूप में की गई है। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं कार चला रही 49 साल की नवलीन कौर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह भी गृहिणी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिखा कि नवलीन हादसे के बाद कार से उतरी और घायल दयानंद को देखने के बाद मौके से फरार हो गई। पुलिस ने क्रेटा को जब्त किया है।



**महिला ड्राइवर गिरफ्तार घायलों को देखने क्रेटा से उतरी, फिर भागी**

### भदोही अब 'संत रविदास नगर भदोही' के नाम से जाना जाएगाः आदित्यनाथ




**भदोही (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को घोषणा की कि भदोही जिले को अब 'संत रविदास नगर भदोही' के नाम से जाना जाएगा। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में नाम की घोषणा करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, "अब हमारा भदोही जिला 'संत रविदास नगर भदोही' के नाम से जाना जाएगा।" योगी आदित्यनाथ भदोही में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने 1,340 करोड़ से अधिक की लागत वाली 112 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# लखनऊ में बाढ़, 10 हजार का पलायन, नदियां भी उफान पर

एजेंसी ▶▶| लखनऊ/पटना

यूपी में बारिश रुक गई है, लेकिन नदियां अब भी उफान पर हैं। 11 जिलों में 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। लखनऊ में गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से 40 हजार से ज्यादा घरों में पानी घुस गया है।

10 हजार लोग घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले गए हैं। गलियों में नावें चल रही हैं। बिहार में बाढ़ से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें सारण में बाढ़ के पानी में डूबने से 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 20 से ज्यादा लोग लापता हैं। सीवान में बाढ़ के पानी में डूबने से 6 बच्चों की मौत हो

■ बिहार में 27 मौतें, 20 लापता और राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत 4 राज्यों से मानसून की विदाई



गई। राजस्थान से करीब 3 दिन की देरी से शनिवार को मानसून पूरी तरह विदा हो गया। मानसून की विदाई के साथ ही राज्य में गर्मी भी बढ़ने लगी है। मध्य प्रदेश से भी शनिवार को मानसून की विदाई हो गई।

### बठिंडा में शराब ठेके पर पूर्व सरपंच की हत्या

**बठिंडा।** बठिंडा के गांव जस्सी पो वाली में रविवार देर शाम शराब ठेके के बाहर पूर्व सरपंच की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि पूर्व सरपंच शराब खरीदने के लिए ठेके पर पहुंचा था। इसी दौरान पीछे से आए एक व्यक्ति ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान गांव फूस मंडी के पूर्व सरपंच जगतार सिंह के रूप में हुई है। मृतक के भतीजे हैप्पी सिंह ने बताया कि उनके चाचा जगतार सिंह रविवार शाम शराब खरीदने के लिए गांव जस्सी पो वाली स्थित ठेके पर गए थे। पीछे से आए व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुइयां नालसर यूनिवर्सिटी में बोले

# वोट देने के अधिकार से वंचित करना उसे अपने ही देश में दूसरे दर्जे का 'नागरिक' बनाने जैसा

अरबपति हो या रिक्शा वाला, सभी के वोट की कीमत समान

**मतदान का अधिकार देश के स्वतंत्रता संघर्ष और नागरिकों के बलिदान से जुड़ा, विधायिका को भी ऐसे अनुचित प्रावधान नहीं बनाने चाहिए, जो मतदान के अधिकार को सीमित करें**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा है कि लाखों भारतीय नागरिकों को मतदान के अधिकार से वंचित करने वाली कोई भी प्रक्रिया मनमानी है और उसे किसी भी तर्क के आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। संविधान नागरिकों के ऐसे दो वर्ग नहीं बनाता, जिनमें एक को वोट देने का अधिकार हो और दूसरे को इससे वंचित रखा जाए। अरबपति हो या रिक्शा चालक, दोनों के वोट की



उज्ज्वल भुइयां

कीमत बराबर है। जस्टिस भुइयां रविवार को हैदराबाद स्थित नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (एनएएलएसएआर) में नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नागरिकता और मतदान का अधिकार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। किसी भारतीय नागरिक को वोट देने के अधिकार या मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित करना उसे अपने ही देश में दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने जैसा होगा। उन्होंने इसकी तुलना शरीर से आत्मा निकालने से की।

**अनुच्छेद 326 और 14 का दिया हवाला**

जस्टिस भुइयां ने कहा कि बड़े पैमाने पर नागरिकों को मताधिकार से वंचित करने वाली प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और 14 का उल्लंघन कर सकती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियादी विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि विधायिका को भी ऐसे तर्कहीन या अनुचित प्रावधान नहीं बनाने चाहिए, जो मतदान के अधिकार को सीमित करें। कानून के मामले में यह सिद्धांत लागू होता है, तो किसी प्रशासनिक प्रक्रिया पर भी इसकी जिम्मेदारी उतनी ही, बल्कि अधिक है।

**संविधान से ऊपर कोई प्राधिकरण नहीं**

जस्टिस भुइयां ने कहा कि मतदान का अधिकार देश के स्वतंत्रता संघर्ष और नागरिकों के बलिदान से जुड़ा है। संविधान के मूल सिद्धांतों के विपरीत किसी प्रक्रिया को स्वीकार नहीं किया जा सकता। कोई भी संस्था या प्राधिकरण संविधान से ऊपर नहीं है। इस दौरान उन्होंने एनएएलएसएआर के छात्रों और शिक्षकों की भी सराहना की। उन्होंने छात्रों को प्रतिभाशाली, निडर और साहसी बताते हुए कहा कि उन्होंने देश और दुनिया के सामने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, विशेषकर कानून के छात्रों की क्षमता का उदाहरण पेश किया है।

चिंतन

# एआई की दुनिया में सतर्कता और जवाबदेही बेहद जरूरी

एआई ने दुनिया को काम करने की अभूतपूर्व गति दी है, लेकिन यही गति अब साइबर अपराध की दुनिया को भी मिल रही है। जिस काम को करने में कभी हमलावरों को कई दिन लगते थे, एआई की मदद से सिस्टम की कमजोरियां तलाशने, जानकारी जुटाने और हमले को अंजाम देने में बेहद कम समय लग रहा है। ऐसे में एआई को केवल तकनीकी सुविधा मानकर आगे बढ़ना जोखिम भरा हो सकता है। एआई की दुनिया के विस्तार के साथ सतर्कता और जवाबदेही को भी उतनी ही तेजी से मजबूत करना होगा। तभी इसके फायदे सही मायने में सामने आ पाएंगे। माइक्रोसॉफ्ट की डिजिटल डिफेंस रिपोर्ट 2026 के आंकड़े खतरे की गंभीरता बताते हैं। भारत दुनिया के शीर्ष 7 साइबर प्रभावित देशों में शामिल है और दुनिया भर में ट्रैक किए गए साइबर खतरों में भारत की हिस्सेदारी 2.5 प्रतिशत रही है। सबसे चिंताजनक बात रैनसमवेयर हमलों में 5 गुना बढ़ोतरी है। यानी अपराधियों के लिए डिजिटल माध्यम केवल धोखाधड़ी का जरिया नहीं रह गया, बल्कि संस्थानों और महत्वपूर्ण ढांचे को बंधक बनाने का हथियार भी बनता जा रहा है। साइबर अपराधियों ने हमले के तरीके भी बदल दिए हैं। अब केवल संदिग्ध ईमेल या लिंक से सावधान रहने की जरूरत नहीं है। ईमेल अथवा पीडीएफ में भेजे गए क्यूआर कोड के जरिए फिशिंग कराई जा रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने एक साल में ऐसे 14.5 करोड़ क्यूआर फिशिंग हमले पकड़े हैं। फर्जी कैप्चा के जरिए यूजर से कमांड कॉपी-पेस्ट करवाकर सिस्टम में सेंध लगाने का तरीका भी तेजी से बढ़ा है। करीब 11 लाख डिवाइस पर ऐसी गतिविधि देखने को मिली हैं। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स पर वॉइस फिशिंग में एक साल में 502 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सबसे बड़ा खतरा यह है कि अपराधी अब तकनीक के साथ-साथ विश्वास को भी निशाना बना रहे हैं। बॉस, एचआर, पेरोल टीम, वेंडर या कारोबारी साझेदार की पहचान की नकल कर कर्मचारियों को जाल में फंसाया जा रहा है। अप्रैल से जून 2026 के दौरान रिपोर्ट किए गए 85 प्रतिशत फिशिंग ईमेल में किसी व्यक्ति या संस्था की पहचान की नकल किए जाने की बात सामने आई। इसका मतलब है कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विभाग की जिम्मेदारी नहीं रह गई। हर कर्मचारी और हर डिजिटल उपयोगकर्ता इसकी पहली सुरक्षा पंक्ति है। दूसरी ओर, एआई एजेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। अनुमान है कि दो साल में एआई एजेंट की संख्या 130 करोड़ तक पहुंच सकती है। ये एजेंट ईमेल, कैलेंडर, सिस्टम अपडेट और डेटा एक्सेस जैसे काम कर सकेंगे। यही सुविधा यदि पर्याप्त सुरक्षा के बिना दी गई तो एक एआई एजेंट पर हमला उसके जरिए जुड़े कई सिस्टम और संवेदनशील डेटा तक पहुंच का रास्ता खोल सकता है। इसलिए चुनौती एआई के इस्तेमाल को रोकने की नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदार और सुरक्षित बनाने की है। सरकारों को महत्वपूर्ण डिजिटल ढांचे की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र मजबूत करना होगा। कंपनियों को एआई एजेंट को अधिकार देने से पहले उनकी निगरानी, सीमाएं और जवाबदेही तय करनी होगी। कर्मचारियों और आम लोगों को फर्जी कैप्चा, क्यूआर कोड, आवाज की नकल और पहचान आधारित धोखाधड़ी के नए तरीकों के प्रति जागरूक करना होगा। डिजिटल दुनिया में सुविधा की रफ्तार जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि तकनीक की यह रफ्तार अपराधियों के हाथों की ताकत न बन जाए।



तैयारी

निर्मला सीतारमण

# नेक्स्ट-जेनरेशन का जीएसटी

'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी की परिकल्पना दो परस्पर जुड़े उद्देश्यों के साथ की गई थीः कर दरों को कम व तर्कसंगत बनाना और अनुपालन को अधिक सरल बनाना। दरों में किए गए संशोधन 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। प्रक्रियात्मक सुधारों का अगला चरण शीघ्र ही जीएसटी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

सम्मिलित रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य परिवारों को राहत देना, व्यवसायों को अधिक निश्चितता प्रदान करना और करदाताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली सुनिश्चित करना है जिसमें वे बिना किसी अनावश्यक कठिनाई के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। राज्य इस पूरी यात्रा में बराबर के साझेदार रहे हैं। वे परिषद में अपनी प्राथमिकताओं और अनुभवों को लेकर आए, निर्णयों को आकार देने में सहयोग किया और उनके क्रियान्वयन का दायित्व संभाला। मैं इस प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करती हूं। जीएसटी की प्रगति प्रत्येक सरकार के उत्तरदायित्वों का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इसी तत्परता पर टिकी है। इसके परिणाम विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 के बीच, दर्ज की गई कर-योग्य आपूर्ति के मूल्य में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 25.8% की वृद्धि हुई। कर दरों की हल्की संरचना के साथ-साथ दर्ज आर्थिक गतिविधियों में भी व्यापक विस्तार देखा गया है। यह उस सुधार के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक आधार है जिसका उद्देश्य उद्यमों और सार्वजनिक वित्त दोनों को संबल प्रदान करना है। यह सुदृढ़ता हालिया राजस्व आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 12.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 11.6% अधिक है। जून से सितंबर तक के प्रत्येक महीने में वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई; इन चार महीनों का कुल संग्रह मिलकर लगभग 15% की गति से बढ़ा। कर वापसी (रिफंड) के बाद शुद्ध संग्रह में भी इस छमाही के दौरान 10.4% की वृद्धि हुई। इस प्रकार, करदाताओं को दी गई राहत और विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि साथ-साथ हुई है। इस विस्तार का दायरा उसके पैमाने जितना ही महत्वपूर्ण है। सभी 11 क्षेत्रक समूहों और सभी प्रमुख राज्यों में दर्ज कर-योग्य आपूर्ति में वृद्धि देखी गई। भारत जैसी विविध अर्थव्यवस्था में यह व्यापक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक हिस्सों में होने वाली यह वृद्धि अधिक से अधिक व्यवसायों को विस्तार लेते बाज़ारों में भाग लेने का अवसर देती है, और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न मांग,




निवेश तथा रोज़गार से अधिकाधिक समुदायों को लाभान्वित करती है। सुधार के बाद की अवधि की तुलना में उपभोक्ताओं को की गई प्रत्यक्ष बिक्री (बी2सी) में भी 26.7% की बढ़ोतरी हुई। जब कर राहत का प्रभाव कीमतों में दिखाई देता है, तो परिवारों के पास अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने या बचत करने के लिए अधिक गुंजाइश होती है। उपभोक्ता राहत और उद्यम विकास आपस में गहराई से जुड़े हैं: परिवारों की क्रय शक्ति व्यवसायों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बनाए रखती है। इसका लाभ परिवार से लेकर खुदरा विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और उत्पादक तक सभी तक पहुंचता है। लघु और मध्यम उद्यमों के लिए एक राष्ट्रीय बाज़ार तभी सार्थक होता है जब वह उनके स्थानीय परिवेश से परे ग्राहकों तक पहुँचने का व्यावहारिक मार्ग प्रशस्त करे। द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों के व्यवसायों को स्थानीय स्तर पर निवेश और रोज़गार जारी रखते हुए ऐसे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। दूसरी ओर, इन शहरों में विस्तार करने वाले उद्यम स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों के लिए नए अवसर सृजित कर सकते हैं। जीएसटी का साझा ढांचा इन कड़ियों को सुदृढ़ करता है; और सरल प्रशासनिक व्यवस्था को इन्हें बनाए रखना और भी सहज बनाना होगा। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है। अगस्त के अंत तक केंद्र और राज्य क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत कुल जीएसटी पंजीकरण लगभग 1.71 करोड़ तक पहुंच गए, जो एक वर्ष पहले की तुलना में लगभग 15% अधिक हैं। अप्रैल-जुलाई 2026 की कर अवधियों के लिए, निर्धारित तिथि तक दाखिल किए गए जीएसटीआर-3बी रिटर्न पिछले वर्ष की समान अवधियों की तुलना में 12.6% अधिक थे। ये सुधार प्रशासन पर एक समान दायित्व भी डालते हैं: नियमित अनुपालन को विश्वसनीय सेवा, स्पष्ट मार्गदर्शन और समस्याओं के समयबद्ध समाधान द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की कार्यप्रणाली इस अनुभव का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुधार-उपरांत आंकड़े दर्शाते हैं कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से चुकाई गई कर देयता का अनुपात बढ़ा है, जबकि कर-योग्य आपूर्ति के सापेक्ष संचित क्रेडिट में कमी आई है। यह उन व्यवसायों के लिए उत्साहवर्धक है जो पात्र क्रेडिट के प्रभावी उपयोग पर निर्भर करते हैं। किसी छोटे उद्यम के लिए उसकी कार्यशील पूंजी ही यह तय करती है कि वह कितनी सुगमता से कच्चा माल खरीद सकता है, कोई ऑर्डर पूरा कर सकता है और अगला काम हाथ में ले सकता है। कर वापसी (रिफंड) भी उतनी ही प्रासंगिक है। अप्रैल-सितंबर के दौरान लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये की धनराशि रिफंड के रूप में लौटाई गई। व्यवसायों के प्राप्य बकाये को वापस लौटाना एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली का अनिवार्य अंग है। इस प्रक्रिया में अधिक निश्चितता और पूर्वानुमेयता उद्यमों को अधिक आत्मविश्वास के साथ खरीद और उत्पादन की योजना बनाने में सहायता करेगी। किसी करदाता को देय रिफंड प्राप्त होने का अनुभव प्रशासनिक दक्षता का एक प्रमुख पैमाना होता है। राज्यों की राजस्व स्थिति भी अधिक सुदृढ़ हुई है। इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) निपटान में उनके हिस्से सहित राज्यों की कुल एसजीएसटी प्राप्तियों में लगभग 16% की वृद्धि हुई। ये संसाधन बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश को गति प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और उद्यमों को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर परिवेश मिलता है। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

(लेखिका केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

> 'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

बाजार

राकेश कौल



# पुरानी कार के लिए इंश्योरेंस कम होना चाहिए या ज्यादा

कार रखने वाले कई लोग मानते हैं कि जैसे-जैसे उनका वाहन पुराना होता जाता है, उसके लिए इंश्योरेंस की आवश्यकता अपने आप कम होती जाती है। हालांकि कार की आयु बढ़ने के साथ इंश्योरेंस का प्रीमियम अक्सर कम हो जाता है, लेकिन कवरेज की सही राशि केवल कार के निर्माण वर्ष पर निर्भर नहीं करती। गाड़ी का इस्तेमाल कितनी बार होता है, उसे कहां चलाया या पार्क किया जाता है, मालिक की आर्थिक ज़रूरतें क्या हैं और वह अपनी गाड़ी के लिए कितनी सुरक्षा चाहता है, इन सभी बातों की इंश्योरेंस कवरेज तय करने में अहम भूमिका होती है। अच्छी खबर यह है कि पुरानी कार के मालिकों के पास चुनने के लिए कई इंश्योरेंस विकल्प होते हैं। समय के साथ इंश्योरेंस की ज़रूरतें कैसे बदलती हैं, यह समझकर वे ऐसा कवरेज चुन सकते हैं, जो बजट में भी रहे और गाड़ी को पर्याप्त सुरक्षा भी दे। जैसे-जैसे कार पुरानी होती जाती है, उसकी कीमत में धीरे-धीरे कमी आती है, क्योंकि समय के साथ उसकी वैल्यू घटती रहती है। इसका असर इंश्योर्ड डिक्लेयर्ड वैल्यू (आईडीवी) पर पड़ता है, यानी वह राशि जो इंश्योरेंस कंपनी गाड़ी पूरी तरह खराब होने या चोरी होने की स्थिति में आपको दे सकती है। क्योंकि आईडीवी समय के साथ कम हो जाती है, इसलिए इंश्योरेंस प्रीमियम भी कम हो सकते हैं। हालांकि, इंश्योरेंस सिर्फ गाड़ी की मार्केट वैल्यू पर ही निर्भर नहीं करता। यह दुर्घटना, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं और थर्ड-पार्टी से जुड़ी ज़िम्मेदारियों के कारण अचानक होने वाले के खर्चों से भी सुरक्षा देता है। इसलिए, इंश्योरेंस कवरेज का फैसला सिर्फ गाड़ी की आयु के मुताबिक नहीं, बल्कि अपनी ज़रूरतों और संभावित जोखिमों को ध्यान में रखकर करना चाहिए। कई साल पुरानी होने के बाद भी कार रोज़मर्रा की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बनी रहती है। चाहे कार का इस्तेमाल रोज़ ऑफिस आने-जाने, परिवार के साथ घूमने या कभी-कभार यात्रा करने के लिए होता हो, सही इंश्योरेंस कवरेज होने से अचानक आने वाले बड़े खर्चों की चिंता कम हो जाती है। सड़क पर दुर्घटना या अचानक कोई अनहोनी कभी भी हो सकती है, फिर चाहे गाड़ी कितनी भी पुरानी क्यों न हो। कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस दुर्घटना, टक्कर, आग, प्राकृतिक आपदाओं और पॉलिसी में शामिल अन्य घटनाओं से होने वाले नुकसान को कवर करता है। इससे गाड़ी के मालिकों को मरम्मत के खर्च को बेहतर तरीके से संभालने में मदद मिलती है। कई साल पुरानी होने के बाद भी कार एक कीमती संपत्ति होती है। पैकेज पॉलिसी में गाड़ी चोरी होने की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिलती है, जिससे चोरी के कारण होने वाले बड़े आर्थिक नुकसान का बोझ कुछ कम हो सकता है। भारत में सभी वाहनों के लिए थर्ड-पार्टी कार इंश्योरेंस अनिवार्य है। यह थर्ड पार्टी को लगी चोटों, मृत्यु या प्रॉपर्टी के नुकसान से जुड़ी कानूनी और फाइनेंशियल देयताओं को कवर करता है। कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस में इंश्योर्ड वाहन के लिए सुरक्षा प्रदान करते समय इस अनिवार्य कवर को शामिल किया जाता है। थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस वाहन के स्वामित्व के लिए कानूनी आवश्यकता को पूरा करता है। यह किसी दूसरे व्यक्ति को चोट लगने, उसकी मृत्यु होने या उसके वाहन अथवा संपत्ति को नुकसान पहुंचने पर होने वाली कानूनी और आर्थिक ज़िम्मेदारियों को कवर करता है। कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस में थर्ड-पार्टी लायबिलिटी कवरेज के साथ आपकी अपनी गाड़ी को भी दुर्घटना, चोरी, आग और प्राकृतिक आपदाओं जैसे जोखिमों से सुरक्षा मिलती है। भले ही इसे आमतौर पर नई गाड़ियों के साथ जोड़ा जाता है, लेकिन यह पुरानी कारों के लिए भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है, बशर्ते वे नियमित रूप से चलती हों, अच्छी स्थिति में हों, किसी खास जगह के जोखिमों के दायरे में आती हों या आपके मन के करीब हों। सिर्फ थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस के मुकाबले यह आपको और भी ज़्यादा सुरक्षा देता है, जिससे अचानक आने वाले खर्चों से बचने में काफी मदद मिलती है। पुरानी कार के लिए इंश्योरेंस चुनते समय यह देखना फायदेमंद रहता है कि पॉलिसी कुल मिलाकर आपको कितनी सुरक्षा दे रही है। कॉम्प्रिहेंसिव कवर के साथ-साथ सही ऐड-ऑन कवर लेने से सुरक्षा का दायरा और बढ़ जाता है, जिससे कार मालिक अपनी ज़रूरत के हिसाब से पूरी सुरक्षा पा सकते हैं। जो लोग गाड़ी के इस्तेमाल के हिसाब से प्रीमियम में थोड़ी छूट चाहते हैं, उनके लिए इंश्योरेंस कंपनियां 'पे-एज़-यू-ड्राइव' या 'यूसेज-बेस्ड' (इस्तेमाल पर आधारित) प्लान का विकल्प भी देती हैं। अलग-अलग फीचर्स और फायदों की अच्छे से समीक्षा करके कार मालिक ऐसा प्लान चुन सकते हैं जो उन्हें सही सुरक्षा दे और बिना किसी चिंता के बेफिक्र होकर सफर करने में मदद करे।

(लेखक चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, बजाज जनरल इंश्योरेंस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पूर्वजों के प्रति आभार जताने के दिन




संकलित

दर्शन

श्राद्ध केवल एक अनुष्ठान नहीं है। यह पूरी श्रद्धा के साथ किया जाने वाला एक ऐसा कार्य है, जिसके द्वारा हम अपने जीवन में परिवार के मृत सदस्यों के योगदान को पहचानते हैं, स्वीकार करते हैं। इसके अलावा उन्हें याद करते हुए कृतज्ञता की भावना व्यक्त करते हैं। ऐसा करने पर निश्चित रूप से कुछ ऐसे कंपन उत्पन्न होते हैं, जो इस भौतिक संसार के दायरे से परे चले जाते हैं और इस अर्थ में दिवंगत आत्मा तक पहुंचते हैं। यदि आप कृतज्ञता और श्रद्धा की भावना महसूस किए बिना केवल अनुष्ठान करते हैं, तो उसका कोई अर्थ नहीं है। श्राद्ध हमारे उन पूर्वजों की याद में अच्छे कर्म करने का एक माध्यम है, जो अस्तित्व के इस भौतिक स्तर को पार कर चुके हैं। यह जीवित लोगों को याद कराता है, सब कुछ अनित्य है। हमारे प्राचीन ग्रंथ कहते हैं, 'यत पिंडे तत ब्रह्माण्डे'- 'जो इस शरीर में है, वही ब्रह्मांड में है।' कोई आत्मा अपने सांसारिक जगत से निकलती है, तो वह सार्वभौमिक चेतना में विलीन हो जाती है। यह एक निराकार और अगोचर क्षेत्र है। यह टीवी के विभिन्न चैनलों में ट्यूनिंग के कार्य के समान है। हम एक चैनल से संपर्क बनाते हैं, लेकिन उसी स्थान पर अन्य चैनलों की तरंगें भी मौजूद होती हैं, जिन्हें हम आवृत्ति बदलने पर प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार, हम अपने दिवंगत प्रियजनों की आत्मा की उपस्थिति को तब महसूस कर सकते हैं, जब हम उन्हें श्रद्धा के साथ याद करते हैं।

# क्रोधी जीवनसाथी से रहें सावधान




संकलित

प्रेरणा

आचार्य चाणक्य ने हमेशा क्रोध करने वाली पत्नी से दूरी की बात कही है। उनके समय की सामाजिक व्यवस्था आज से अलग थी, इसलिए इस सीख को केवल महिलाओं तक सीमित करके देखना जरूरी नहीं है। इसका व्यापक अर्थ ऐसे जीवनसाथी से जुड़ा है, जिसके व्यवहार में लगातार क्रोध, झगड़ा और कटुता बनी रहे। पति-पत्नी के रिश्ते में सम्मान और संवाद का होना जरूरी है। हर बात पर गुस्सा और विवाद घर के माहौल को प्रभावित करता है। इसलिए रिश्ते में समस्या आने पर बातचीत, समझ और सुधार की कोशिश जरूरी है। चाणक्य की यह सीख बताती है कि केवल रिश्ते का नाम बनाए रखना ही पर्याप्त नहीं, उसके भीतर स्नेह और सम्मान भी होना चाहिए। चाणक्य कहते हैं कि रिश्ते सिर्फ नाम या खून के संबंध से नहीं निभते, उनमें अपनापन और स्नेह भी होना चाहिए। अगर कोई अपना ही व्यक्ति आपके सुख-दुख से कोई मतलब नहीं रखता और जरूरत के समय साथ खड़ा नहीं होता, तो ऐसे रिश्ते को केवल मजबूरी में ढोते रहने का कोई अर्थ नहीं है। लगातार उपेक्षा और स्वार्थ वाले संबंध मन को भीतर से परेशान करते हैं। ऐसे लोगों से हर समय उलझने के बजाय जरूरत के अनुसार, दूरी बनाना बेहतर है। चाणक्य की इस सीख का भाव रिश्ते तोड़ने से ज्यादा ऐसे संबंधों को पहचानने का है, जहां अपनापन खत्म हो चुका है और साथ केवल नाम भर का रह गया है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**दशहरे पर आत्ममंथन की जरूरत**

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आंखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गड़गड़ाहट, आतिशबाज़ी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश- बुराई पर अच्छाई की जीत- हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

*- मोनिका देशवाल, सोनीपत*

## करंट अफेयर

### फेलोशिप पाने वाले पीएचडी के शोधार्थियों के लिए गाइडलाइन

दिल्ली के अंबेडकर विश्वविद्यालय ने फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी शोधार्थियों के लिए अपने दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। नए दिशानिर्देशों ने 31 जुलाई को जारी उस कार्यालय आदेश का स्थान लिया है, जिसके बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था।




विश्वविद्यालय की 31 जुलाई की अधिसूचना में फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी शोधार्थियों के लिए उपस्थिति संबंधी अनिवार्यता लागू की गई थी। इससे शोधार्थियों के बीच उनकी अकादमिक और शोध संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर चिंता पैदा हुई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब कहा है कि 31 जुलाई की अधिसूचना को 30 सितंबर को जारी संशोधित कार्यालय आदेश से बदल दिया गया है। नए आदेश में शोधार्थियों को अधिक लचीलापन दिया गया है, हालांकि, उन्हें पाठ्यक्रम और सेमिनार में उपस्थित रहना होगा तथा अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के साथ अपने शोध कार्य में प्रगति बनाए रखनी होगी। प्रशासन ने कहा कि उपस्थिति का रिकॉर्ड शोध पर्यवेक्षक और कार्यक्रम समन्वयक रखेंगे तथा संबंधित स्कूल के डीन इसकी पुष्टि करेंगे। शोध पर्यवेक्षक, डीन के समग्र मार्गदर्शन में, शोधार्थी की संतोषजनक अकादमिक भागीदारी और उसके शोध कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होंगे।

## ऑफ बीट

### विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे भारत

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के फैसले से वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होंगी। इसके साथ ही उसने भारत को सुझाव दिया कि वह विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे। आईएमएफ के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक रूप से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी ने पूंजी प्रवाह, वित्तपोषण की स्थितियों और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के जरिए उभरते बाजारों के लिए कुछ दबाव पैदा किया है।



मुद्रास्फीति से निपटने के अपने प्रयासों के तहत फेडरल रिजर्व ने 17 सितंबर को जुलाई 2023 के बाद पहली बार ब्याज दरों में वृद्धि की और संकेत दिया कि आगे एक और बढ़ोतरी हो सकती है। प्रवक्ता ने कहा कि अन्य देशों की तरह भारत पर इसका प्रभाव सख्ती (दर वृद्धि) की गति और अवधि के साथ ही घरेलू आर्थिक स्थितियों पर निर्भर करेगा। आईएमएफ प्रवक्ता ने कहा, हालांकि, भारत इस दौर में मजबूती की स्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है। मजबूत वृद्धि की रफ्तार, एक भरोसेमंद मुद्रास्फीति-लक्षित ढांचा, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और कंपनियों तथा वित्तीय क्षेत्र के मजबूत बही-खातों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को बढ़ाया है।

## ट्रेंड

### अधिकारों की लड़ाई



देश भर में लोग अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं और अक्सर अकेले ही लड़ रहे हैं। जेन ज़ी, छात्र, किसान, आदिवासी, दलित, महिलाएँ-हर संघर्ष की अपनी कहानी है। लेकिन जो आवाज़ अकेले उठती है, वह अक्सर दबा दी जाती है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### गठबंधन की जीत हो



जब नज़र मंज़िल पर टिकी हो, तो सफर आसान हो जाता है! अहम बात यह नहीं है कि गठबंधन को कितनी सीटें मिलती हैं या कौन सी सीट किसे मिलती है, अहम बात यह है कि हम सब यह पक्का करें कि जीत गठबंधन की ही हो।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

### खिलाड़ियों का समर्थन



हमारे खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में मेडल टेबल पर चौथा स्थान हासिल किया। सभी को बधाई। हमें हर खेल में अपने खिलाड़ियों का समर्थन और हौसला बढ़ाना चाहिए। वे सच में इसके हकदार हैं।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### कानून का डर कम



पंजाब में न तो कानून का रुतबा बचा है और न ही अपराधियों में कानून का डर ! एक ही दिन में एक इन्फ्लुएंसर और एक पूर्व सरपंच की हत्या बेहद चिंताजनक है। दिन-दहाड़े होने वाले अपराध इस बात का संकेत हैं कि अपराधियों के मन से कानून का डर कम होता जा रहा है।

- **सचिन पायलट,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत चौथे स्थान पर, 2036 की राह में सबक दे गए एशियाई खेल

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं को आइची-नागोया एशियाई खेलों में एक कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ा जहां पिछले हांगझोउ खेलों में रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद एक और बड़ी छलांग की उम्मीद थी लेकिन अभियान पदकों की संख्या में बड़ी गिरावट के साथ समाप्त हुआ। भारत ने कुल पदक तालिका में अपना चौथा स्थान बरकरार रखा लेकिन इस बार उसके खाते में 85 पदक ही रह गए जिसमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। यह पिछले एशियाई खेलों में हासिल किए गए 106 पदकों से 21 कम और स्वर्ण पदकों के मामले में सात कम है।

■ भारत को एक कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ा

## रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद अभियान पदकों में गिरावट के साथ हुआ खत्म

### मौजूदा देशों और भारत के बीच अब भी अंतर बड़ा

भारत का चौथे स्थान पर रहना अब भी उसे एशिया के प्रमुख खेल राष्ट्रों में बनाए रखता है। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है लेकिन शीर्ष पर मौजूद देशों और भारत के बीच अंतर अब भी बहुत बड़ा है। अगर अंतिम दो दिनों में भारत ने 11 स्वर्ण पदकों की शानदार झड़ी नहीं लगाई होती तो शीर्ष पांच में जगह बनाना भी मुश्किल होता।

### शीर्ष पर चीन का दबदबा कायम रहा

वर्ष 2036 तक शीर्ष 10 और 2047 तक शीर्ष पांच खेल राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखने वाले भारत को ये आंकड़े याद दिलाते हैं कि शानदार प्रदर्शन करना एक बात है लेकिन लगातार प्रगति बनाए रखना कहीं अधिक कठिन चुनौती है। शीर्ष पर चीन का दबदबा कायम रहा। उसने 169 स्वर्ण सहित कुल 341 पदक जीते। जापान 83 स्वर्ण और कुल 269 पदकों के साथ दूसरे तथा दक्षिण कोरिया 39 स्वर्ण और 150 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।



### रिले टीम ने एथलेटिक्स में दिलाया एकमात्र गोल्ड

ज्योति याराजी ने अभ्यास के दौरान घुटने में दर्द और परेशानी महसूस होने के बाद महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की शुरुआती हीट से पहले नाम वापस ले लिया। घुटने की गंभीर चोट से वापसी कर रहे अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में चौथे स्थान पर रहे। किरण पाहल, एम पूवम्मा, प्राची चौधरी और विथ्या रामराज की महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एथलेटिक्स का एकमात्र स्वर्ण दिलाया।

### सुरूचि ने निशानेबाजी में स्वर्ण से खाता खोला

सुरूचि सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर भारत का निशानेबाजी में सोने के तमगे का खाता खोला। हालांकि टीम का माहौल बदलने वाली खिलाड़ी नीरू ढांडा रहीं। सत्ताइस वर्षीय नीरू ट्रैप निशानेबाजी में व्यक्तिगत एशियाई खेल स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

### नीरज चोट के कारण हुए बाहर

एथलेटिक्स में भी भारत को बड़ा झटका लगा। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चोट के कारण हट गए और भारत का एक बड़ा स्वर्ण पदक दावेदार बाहर हो गया। मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं।

### चोटों ने भी खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ाई

तेजिंदरपाल सिंह तूर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी नहीं कर सके, जबकि लंबी कूद के मुरली श्रीशंकर और ऊंची कूद के सर्वेश कुशारे को रजत से संतोष करना पड़ा। इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन दिखाता है कि भारत मुकाबले में तो है, लेकिन पदक के रंग को स्वर्ण में बदलने में अभी अंतर बाकी है। चोटों ने भी परेशानी बढ़ाई।

### उम्मीद से कम पदक आए

भारत के पदक अभियान में कमी का सबसे बड़ा कारण उसका दो पारंपरिक मजबूत खेलों निशानेबाजी और एथलेटिक्स का अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाना रहा। दोनों खेलों से काफी उम्मीदें थीं लेकिन हांगझोउ की तुलना में भारत को इस बार कम पदक मिले। इससे निरंतरता, दबाव से निपटने और तैयारी में मौजूद कमियां उजागर हुईं।

### निशानेबाजी में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा

निशानेबाजी में भारत का प्रदर्शन खास तौर पर गिरा। पिछली बार सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य सहित 22 पदक जीतने वाली 30 सदस्यीय भारतीय टीम इस बार जापान से तीन स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य सहित 15 पदक लेकर लौटी। अभियान की शुरुआत कई मौकों के हाथ से निकलने और दावेदारों के लड़खड़ाने से हुई।

### मनु का प्रदर्शन निराशाजनक रहा

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का अभियान निराशाजनक रहा और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत पदक नहीं जीत सका। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में कमलजीत, आकाश भारद्वाज और केदारलिंग उचागांवने की टीम भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही।

## खबर संक्षेप

### बारतुंकोवा ने सबालेंका और जोकोविच ने ज्वेरेव को हराया



**बीजिंग।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को रविवार को चीन ओपन के तीसरे दौर में चेक गणराज्य की निकोला बारतुंकोवा के हाथों सीधे सेटों में हारकर बाहर होना पड़ा। पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-4, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज बारतुंकोवा ने करीब डेढ़ घंटे में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराया। इसके साथ ही टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी बाहर हो गईं। हाल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी एलिना रिबाकिना शनिवार को ही चाइना ओपन से बाहर हो गई थीं।

### शेष भारत ने जीता ईरानी कप



**श्रीनगर।** मुकेश कुमार (33 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (25 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की दम पर शेष भारत ने रविवार को चौथे और आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर को 167 रन से हराकर ईरानी कप का खिताब जीत लिया। जीत के लिए 279 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही जम्मू-कश्मीर की टीम को ट्रॉफी अपने नाम करने के लिए केवल ड्रॉ की जरूरत थी। पहली पारी में 41 रन की बढ़त लेने वाली जम्मू कश्मीर की टीम मुकेश और आकाश दीप की धारदार गेंदबाजी के आगे दूसरी पारी में महज 111 रन पर ढेर हो गई। सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया (32) और कामरान इकबाल (32) ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर टीम को जम्मू कश्मीर को अच्छी शुरुआत दिलाई।

### पुरुष हॉकी टीम के लिए नकद पुरस्कार घोषित



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 11 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य को साढ़े पांच लाख रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत ने शनिवार को मलेशिया को 5-1 से हराकर एशियाई खेलों में दूसरी बार पुरुष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता और 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इससे एक दिन पहले भारतीय महिला टीम ने फाइनल में गत चैंपियन और ऊंची रैंकिंग वाली चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीता था और ओलंपिक का टिकट भी हासिल किया था। यह पहली बार है जब एशियाई खेलों के एक ही चरण में भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों ने स्वर्ण पदक जीता है।

### जापान की संस्कृति की शानदार झलक देखने मिली

# चमकदार रोशनी और संगीतमय शो से हुआ आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान की संस्कृति और मेहमाननवाजी की शानदार झलक के साथ संगीत और रोशनी से सजे भव्य कार्यक्रम के बीच रविवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन हो गया। दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद एशिया के 45 देशों के खिलाड़ी मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में खेलों के समापन समारोह में शामिल हुए। इन खेलों के दौरान 350 से अधिक रिकॉर्ड बने जिनमें कम से कम 50 विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं। हालांकि खेल आयोजन से पहले लॉजिस्टिक समस्याओं और कुप्रबंधन से प्रभावित रहे। समापन समारोह करीब 90 मिनट तक चला।

■ दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा



### भारत 85 पदकों के साथ चौथे स्थान पर, चीन रहा शीर्ष पर

भारत 85 पदकों (21 स्वर्ण, 27 रजत, 37 कांस्य) के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा जो चीन के हांगझोउ में हुए पिछले चरण से 21 कम है। चीन लगातार 12वें चरण में तालिका में शीर्ष पर रहा उसने 169 स्वर्ण, 89 रजत और 83 कांस्य सहित कुल 341 पदक जीते जो विदेश में आयोजित एशियाई खेलों में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### मेजबान जापान दूसरे स्थान पर रहा

मेजबान जापान 269 पदकों (83 स्वर्ण, 95 रजत और 91 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसके बाद दक्षिण कोरिया के 39 स्वर्ण, 43 रजत और 68 कांस्य पदक थे। एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने खेलों के समापन की घोषणा की। बाद में ओसीए ध्वज 2030 एशियाई खेलों के आयोजन समिति के एक प्रतिनिधि को सौंपा गया।

### चार साल बाद 2030 में दोहा में मिलने का वादा



अल थानी ने कहा, ''पहली प्रतियोगिता से लेकर आखिरी तक, एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध किया। 350 से अधिक रिकॉर्ड टूटे हैं जिनमें 50 से अधिक विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं। यह हमारे एशियाई खेलों के लिए एक रिकॉर्ड है।'' परंपरा के अनुसार ओसीए प्रमुख ने एशिया के युवाओं से इस भावना को आगे बढ़ाने और चार साल बाद 2030 में दोहा में होने वाले 21वें एशियाई खेलों में फिर मिलने का आह्वान किया।

### निशानेबाज ढांडा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने भाग लिया

ओसीए ध्वज को दोहा को सौंपने से संबंधित खंड में कतर के ओलंपिक और विश्व चैंपियन मुताज बाशिम शामिल थे। ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा (दो स्वर्ण और एक रजत पदक विजेता) के नेतृत्व में भारतीयों ने भी उत्सवी माहौल में हिस्सा लिया। सफेद और नीले रंग की पोशाक पहने लगभग 30 भारतीय खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एथलीट परेड में हिस्सा लिया और तिरंगा लहराया। 'वन एशिया' की समापन समारोह की अवधारणा को व्यक्त करने के लिए स्टेडियम के केंद्र में एक षट्भुजाकार मंच बनाया गया था और यह शो का मुख्य आकर्षण था। भव्य समापन के दौरान इसे लालटेन से सजाया गया था जो जापानी गर्मियों का एक विशिष्ट प्रतीक है। ओसीए अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने कहा कि आइची-नागोया एशियाई खेलों ने एशियाड के लिए मानक ऊंचा किया है।

# भारतीय मुक्केबाजों का गर्मजोशी से स्वागत

### फूल-माला, मिठाइयों और आईटीबीपी बैंड से स्वागत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रात के करीब तीन बजे थे लेकिन हवाई अड्डे पर रौनक बनी हुई थी और एशियाई खेलों में पदक जीतकर लौटे भारतीय मुक्केबाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उत्साहित परिजनों की मौजूदगी में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के बैंड, फूल-माला, मिठाइयों से खिलाड़ियों का स्वागत हुआ। भारतीय मुक्केबाजी दल के नागोया में यादगार अभियान के बाद स्वदेश वापसी पर उसका सफलता के अनुरूप स्वागत किया गया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने खिलाड़ियों की अगवानी की। स्वर्ण पदक विजेता अंकुश पंघाल ने कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मेरे परिवार के सदस्य यहां आए हैं और अब हम और जश्न मनाएंगे। परवीन हुड्डा के लिए यह जश्न खास तौर पर भावुक करने वाला था। उन्होंने पिछली बार एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था लेकिन निलंबन के बाद वह पदक उनसे छीन लिया गया था।



■ एशिया में नंबर एक बनना शानदार उपलब्धि है

### उज्बेकिस्तान, चीन को पीछे छोड़ा

बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने भी भारत के प्रदर्शन पर खुशी जताई और कहा कि एशियाई खेलों की सफलता मजबूत प्रदर्शन की श्रृंखला में एक और उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ''मुझे बेहद गर्व है। उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और चीन जैसे प्रमुख मुक्केबाजी देशों को पीछे छोड़कर एशिया में नंबर एक बनना शानदार उपलब्धि है।''

# लक्ष्य स्पष्ट था, स्वर्ण जीतना : हरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा (जापान)

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनकी टीम को भरोसा था कि वे विश्व कप की निराशा को पीछे छोड़कर एशियाई खेलों का खिताब जीतने के साथ 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते है। हरमनप्रीत ने शनिवार को फाइनल में दो गोल किए जिससे भारत ने मलेशिया को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी बार पुरुष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता। हरमनप्रीत ने कहा, ''फाइनल हर खिलाड़ी के लिए बड़ा मौका था। कुछ खिलाड़ी पहली बार एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे जबकि कुछ चौथी, तीसरी या दूसरी बार खेल रहे थे।'' कप्तान ने कहा, ''हमें पता था कि हम यहां स्वर्ण पदक जीतने और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने आए हैं। लक्ष्य स्पष्ट था।'' एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। टीम ने अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में हुए विश्व कप में निराशाजनक नौवां स्थान हासिल किया था।



### विश्व कप हमारे लिए अच्छा नहीं रहा

हरमनप्रीत ने कहा, ''पूरा साल हमारे लिए बहुत कठिन रहा क्योंकि हमने कई टूर्नामेंट खेले। विश्व कप हमारे लिए अच्छा नहीं रहा लेकिन हमें पता है कि हम एशिया में हमेशा दबदबा रखते हैं। हम यहां अपने खिताब का बचाव करने आए थे।''हरमनप्रीत ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर टीम की ओर से पांचवां गोल किया।

# फाइनल की हार से उबरने में समय लगा : अनाहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनाहत सिंह जानती थीं कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना 'बहुत यथार्थवादी' लक्ष्य नहीं था लेकिन खिताब से सिर्फ एक जीत दूर रह जाना इस भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी के लिए निराशा के साथ-साथ प्रेरणा का भी कारण बना और अब उनकी नजरें 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर है। अनाहत एशियाई खेलों की व्यक्तिगत स्क्वाश स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। हालांकि उन्हें दुनिया की पांचवें नंबर की मलेशियाई खिलाड़ी सिवसांगरी सुब्रमण्यम के खिलाफ हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अगर अनाहत फाइनल जीत जातीं तो उन्हें 2028 ओलंपिक में सीधे जगह मिल जाती लेकिन यह 18 वर्षीय खिलाड़ी अब पीएसए रैंकिंग में ऊपर चढ़कर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी।



# हम इस जीत के हकदार थे : महिला हॉकी कप्तान

### सलीमा ने कहा, एशियाई खेलों में ध्यान जीत पर रहा



एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने रविवार को कहा कि मजबूत चीन के खिलाफ खेलने के बावजूद उनकी टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा भरोसा था। भारत ने जापान में फाइनल में गत चैंपियन चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। टेटे ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम इस जीत के हकदार थे। इस बार हमें अपनी टीम और खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा था कि हम निश्चित रूप से स्वर्ण जीतेंगे, हालांकि चीन की टीम बहुत अच्छी थी। उस एक गोल की बढ़त को बचाकर अपने देश के लिए स्वर्ण जीतना हमारे लिए गर्व का क्षण है।''

■ मजबूत चीन के खिलाफ जीत का पूरा भरोसा था

### 'ए' टीम उतारने से फाइनल में मदद मिली, हमारे पास काफी अनुभवी टीम थी

# स्वर्ण पदक हमें थाली में परोसा हुआ नहीं मिला : सैमसन

एजेंसी ▶▶| नागोया

विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि भारत को एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक 'थाली में परोसा हुआ' नहीं मिला और अनुभवी खिलाड़ियों की 'ए' टीम को उतारने से पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक फाइनल में दबाव से निपटने में मदद मिली। भारत ने शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 19 रन से हराकर महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक बरकरार रखा। सैमसन ने मैच के बाद कहा, ''हमारे पास काफी अनुभवी टीम थी। यहीं अनुभवी खिलाड़ियों का अनुभव काम आता है। हमें पता था कि अपनी ऊर्जा को कैसे संभालना है, खुद को कैसे प्रेरित और एकाग्र रखना है, भले ही अभ्यास या मैच नहीं हो रहे हों।''

### सभी को एक अच्छा फाइनल देखने मिला

सैमसन ने कहा, ''आखिरकार हमें एक अच्छा मैच खेलने को मिला। पहली पारी में हमने 200 रन बनाए और लगा कि दूसरी पारी पाकिस्तान के लिए मुश्किल हो सकती है लेकिन विकेट अच्छा था और उन्होंने भी अच्छी बल्लेबाजी की। सभी को एक अच्छा फाइनल देखने को मिला।'' उन्होंने कहा, ''हमें स्वर्ण पदक थाली में परोसा हुआ नहीं मिला। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इससे यह जीत और भी संतोषजनक हो जाती है और हम सभी खुश हैं।''



### टीम 'ए' को लाना काफी मददगार रहा

भारत को नियमित टी20 खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने के फैसले से इस बड़े मुकाबले में दमखम और संयम के साथ खेलने में मदद मिली। सैमसन ने कहा, ''ए' टीम को लाना वास्तव में काफी मददगार रहा और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भी यही देखने को मिला। मुझे लगता है कि यह सभी के लिए एक उचित मुकाबला था।''

### भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया था

भारत ने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के अर्धशतकों की मदद से छह विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम रोमांचक फाइनल में छह विकेट पर 192 रन ही बना सकी। हालांकि, फाइनल एकतरफा मुकाबला नहीं रहा। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर पाकिस्तान के आक्रामक जवाब ने आखिरी चरण तक मुकाबले में रोमांच बनाए रखा।

### टीम में चार खिलाड़ी झारखंड की

*स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की चार खिलाड़ी झारखंड से हैं। टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग सिमडेगा जिले से हैं जबकि निक्की प्रधान खूंटी की रहने वाली हैं। राज्य लौटने पर रांची हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। दीपिका ने कहा कि टीम स्वर्ण जीतने के साथ ओलंपिक में जगह पक्की करने से वह बेहद खुश है।*

### स्वर्ण जीतने बहुत कड़ी मेहनत की

*दीपिका ने कहा, ''हमने एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की। इस शानदार जीत के लिए हम लंबे समय से तैयारी कर रहे थे। हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। चीन जैसी टीम के खिलाफ एक गोल की बढ़त बचाना आसान नहीं था लेकिन हमने ऐसा कर दिखाया।''*

### खिलाड़ियों का देश में स्वागत

*प्रधान ने कहा कि टीम को टोक्यो ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला और अब उसका ध्यान अगले ओलंपिक की तैयारी पर है। राज्य लौटने पर खिलाड़ियों का हवाई अड्डे पर समर्थकों ने स्वागत किया। कोच और युवा हॉकी खिलाड़ियों ने पारंपरिक मांदर की थाप पर नृत्य कर टीम का स्वागत किया।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




## भारत की मदद से कंबोडिया बारूदी सुरंग से मुक्त

**नोमपेन्ह।** कंबोडिया के कोह कोंग प्रांत में भारत समर्थित परियोजना के तहत करीब 1,98,000 वर्ग मीटर भूमि से बारूदी सुरंगें साफ कर स्थानीय समुदाय को सौंप दी गईं। इससे काओ पाओ गांव के करीब 134 परिवारों को फायदा होगा। भारतीय दूतावास की उप प्रमुख तनु प्रिया और कंबोडियाई अधिकारी मौके पर मौजूद थे। दशकों के संघर्ष के कारण देश के बड़े हिस्से में अब भी बारूदी सुरंगें हैं। इस मौके पर नोम पेन्ह स्थित भारतीय दूतावास की मिशन की उप प्रमुख तनु प्रिया और कंबोडिया के अधिकारी मौजूद थे।

## अमेरिका प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे भारतीय दंपती

**लंदन।** भारतीय मूल के ब्रिटिश कारोबारी सुखी घुम्मण (48) और उनकी पूर्व पत्नी किरनजीत (48) अमेरिका प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे हैं। उन पर अमेरिका में अनुमोदन-रहित कैंसर दवाओं के जरिये मेडिकेयर समेत स्वास्थ्य योजनाओं से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप है। दोनों ने आरोप नकारे हैं। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में सुनवाई हुई। उन पर दवा तस्करी का भी एक आरोप है।

### भारतीय समूह कुसुम ग्रुप की दवा निर्माण संयंत्र की मुख्य इमारत को भारी नुकसान

# यूक्रेन में रूसी ड्रोन हमले से भारतीय फार्मा कंपनी तबाह, एक की मौत

यूक्रेन के सूमी क्षेत्र में भारतीय समूह कुसुम ग्रुप की ओर से संचालित एक दवा निर्माण संयंत्र रूसी ड्रोन हमले में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। हमले में कुसुम ग्रुप के स्वामित्व वाले संयंत्र की मुख्य इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और उसका बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया।

एजेंसी ▶▶| सूमी

घटनास्थल के सामने आए दृश्यों में ड्रोन हमले के बाद फैक्टरी से धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि बचाव और नुकसान के आकलन का काम जारी है। ऐसे में मृतकों और घायलों की संख्या में बदलाव हो सकता है।

**भारत से जुड़ी हैं यूक्रेनी कंपनी की जड़ें :** कुसुम ग्रुप ने 1994 में यूक्रेन में भारतीय दवाओं के वितरक के तौर पर काम शुरू किया था। फिलहाल कंपनी भारतीय नागरिक राजीव गुप्ता के नेतृत्व में संचालित होती है।



### रूस ने तेज किए ड्रोन हमले

सूमी स्थित संयंत्र ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान काफी समय तक अपना काम जारी रखा था। अब रूसी ड्रोन हमले में इसे व्यापक नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट में इस नुकसान का अनुमान कम से कम 400 करोड़ रुपए लगाया गया है। यह हमला यूक्रेन में रूसी हमलों में बढ़ोतरी के बीच हुआ है। गर्मियों के बाद से मॉस्को ने यूक्रेन के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल किया है। इनमें जेट इंजन वाले ड्रोन भी शामिल हैं।

### हमले जारी रखेगा रूस

रूस ने कहा है कि वह कीव और यूक्रेन के अन्य शहरों पर हमले जारी रखेगा। मॉस्को ने विदेशी नागरिकों और राजनयिकों से यूक्रेन छोड़ने की अपील भी की है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना सैन्य ठिकानों पर "लक्षित" हमले जारी रखेगी। मंत्रालय ने दावा किया कि ये हमले रूसी नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर यूक्रेन के हमलों के जवाब में किए जा रहे हैं।

### कीव में पुल को भी नुकसान

रूसी हमलों की ताजा लहर में कम से कम छह लोगों की मौत हुई और कीव में नीपर नदी पर बने नॉर्दर्न ब्रिज को भी नुकसान पहुंचा। पुल को नुकसान होने से राजधानी में यातायात प्रभावित हुआ है। हाल के दिनों में कीव को लगातार हमलों का सामना करना पड़ा है।

### जेलेंस्की ने की निंदा

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में रूस के हमले की निंदा की। साथ ही उन्होंने मारे गए व्यक्ति के परिवार और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।







## सऊदी अरब की राजधानी रियाद पर बड़ा हमला!

**रियाद।** वेस्ट एशिया में सऊदी अरब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। हूती संगठन ने दावा किया है कि उसने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरामको की एक तेल फैसिलिटी को बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने कहा कि हमले में निशाने पर मौजूद



ठिकानों को नुकसान पहुंचा और वहां आग लग गई। हालांकि, सऊदी अरब ने रियाद पर ऐसे किसी हमले के हूती दावे को खारिज कर दिया है।

### हूती काल्पनिक जीत दिखाना चाहते हैं : सऊदी

सऊदी नेतृत्व वाले यमन गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने हूतियों के रियाद पर हमले के दावे को भ्रामक बताया। सऊदी मीडिया के मुताबिक, उन्होंने कहा कि हूती अपने नुकसान से ध्यान हटाने के लिए एक 'काल्पनिक जीत' दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

## बोनट पर लटकी पत्नी, दौड़ती रही कार पति गिरफ्तार, गर्लफ्रेंड भी पकड़ी गई

**मेरठ।** पत्नी को कार के बोनट पर लटकाकर करीब पांच किलोमीटर तक कार दौड़ाने के आरोपी पति मयंक सिंह और उसकी गर्लफ्रेंड माही वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पत्नी ने दोनों को कार में देखकर विरोध किया था। आरोप है कि बाद में पति ने उसके साथ मारपीट भी की। दरअसल एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कार के बोनट पर महिला लटकी हुई दिखाई दे रही थी। पूरा मामला लव अफेयर का निकला। पति और उसकी प्रेमिका को कार में देखकर पत्नी ने भड़क गई थी। विरोध किया तो सड़क पर हंगामा खड़ा हो गया। महिला कार रोकने के लिए बोनट पर चढ़ गई तो पति ने कार दौड़ा दी।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Kamal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**